दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 09 नवम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 321 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3













## पीएम मोदी ने सीतामढ़ी की धरती से चुनावी बिगुल फूंका, कहा-

# जहां कट्टा और रंगदारी का राज वहां युवाओं के सपने घुटते हैं



**सीतामढ़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सीतामढ़ी की धरती से एनडीए के लिए चुनावी बिगुल फूंका। दोपहर करीब 12:15 बजे मंच पर पहुंचे पीएम मोदी ने माता सीता और बाबा हालेश्वर स्थान को नमन करते हुए अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में बिहार की जनता ने कमाल कर दिया और जंगलराज वालों को वोल्ट का झटका दे दिया है। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी का यह जनसैलाब बता रहा है कि जनता ने विकास और एनडीए को चुना है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज जो माहौल मैं देख रहा हूं, वह दिल को छू लेने वाला है। जनता का जो आशीर्वाद मिल रहा है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने 8 नवंबर 2019 की अपनी सीतामढ़ी यात्रा को याद करते हुए कहा कि उसी तारीख को वे माता सीता की जन्मभूमि आए थे और अगले दिन अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था। उन्होंने बताया कि उन्होंने मां सीता की धरती से भगवान राम के पक्ष में फैसला आने की प्रार्थना की थी और वह पूरी भी हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां सीता आशीर्वाद से बिहार विकसित बिहार बनेगा। यह चुनाव तय करेगा कि आने वाले वर्षों में राज्य का भविष्य किस दिशा में जाएगा। उन्होंने विपक्ष, खासकर आरजेडी और कांग्रेस पर तीखे शब्दों में हमला बोला। उन्होंने कहा कि आरजेडी के मंचों पर मासूम बच्चों से रंगदार बनने के नारे लगवाए जा रहे हैं, जबकि बिहार का बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, वकील और जज बनने की क्षमता रखता है।

पीएम मोदी ने कहा कि अब बिहार में हैंड्सअप वाले नहीं, स्टार्टअप वाले चाहिए। उन्होंने बताया कि एनडीए सरकार बच्चों को किताबें, कंप्यूटर और खेल उपकरण दे रही है ताकि वे आगे बढ़ें। उन्होंने तंज करते हुए कहा, जो लोग अपने बच्चों को सांसद, विधायक और मंत्री बनाते हैं, वे जनता के बच्चों को रंगदार बनाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि जंगलराज का मतलब है, कट्टा, क्रूरता और करप्शन। उसी दौर में बिहार का विकास ठहर गया था। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने बिहार का भरोसा वापस लौटाया है और निवेशक अब राज्य में आना चाह रहे हैं।

## वंदे भारत को हरी झंडी दिखाकर पीएम बोले-

# ये भारतीयों की, भारतीयों द्वारा बनाई गई ट्रेन है



वाराणसी। बनारस रेलवे स्टेशन से शनिवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस से खजुराहो जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। पीएम ने यहां से देशवासियों को चार वंदे भारत की सौगात दी। इसके बाद उन्होंने कहा कि आज वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें, भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं। वंदे भारत भारतीयों की, भारतीयों द्वारा, भारतीयों के लिए बनाई गई ट्रेन है। जिस पर हर भारतीय को गर्व है। आज जिस तरह से भारत ने विकसित भारत के लिए अपने साधनों को श्रेष्ठ बनाने का अभियान शुरू किया है, ये ट्रेनें उसमें एक मील का पत्थर बनने जा रही हैं।

**देश की प्रगति का सबसे बड़ा आधार मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर :** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत भोजपुरी में करते हुए कहा, बाबा विश्वनाथ के ई पावन नगरी में आप सब लोगन के काशी के परिवारजन के हमार प्रणाम। देव दीपावली के बाद आज के दिन भी काशी के विकास पर्व पर आप सबके शुभकामना देत हई। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित देशों की प्रगति का सबसे बड़ा आधार मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर रहा है। भारत भी अब तेजी से उसी राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे नेटवर्क, सड़कों और नई व्यवस्थाओं के विस्तार से देश के हर हिस्से में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है।

**पावन धाम अब वंदे भारत नेटवर्क से जुड़ रहे हैं :** पीएम मोदी ने बताया कि देश में अब 160 से अधिक वंदे भारत ट्रेन संचालित हो रही हैं। ये ट्रेन भारत की इंजीनियरिंग क्षमता और आत्मनिर्भरता की प्रतीक हैं। वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं। वंदे भारत भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए बनाई गई ट्रेन है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की तीर्थ यात्राएं केवल धार्मिक नहीं, बल्कि देश की आत्मा को जोड़ने वाली परंपरा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज, अयोध्या, हरिद्वार, चित्रकूट, कुरुक्षेत्र जैसे पावन धाम अब वंदे भारत नेटवर्क से जुड़ रहे हैं, जिससे आस्था और विकास दोनों का संगम हो रहा है।

**तीर्थाटन और पर्यटन से आर्थिक गतिविधियों को नया बल मिला :** उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उत्तर प्रदेश में तीर्थाटन और पर्यटन से आर्थिक गतिविधियों को नया बल मिला है। पिछले वर्ष 11 करोड़ श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने आए, जबकि अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद 6 करोड़ से अधिक लोग रामलला के दर्शन कर चुके हैं। इससे यूपी की अर्थव्यवस्था को हजारों करोड़ का लाभ हुआ और लाखों लोगों को रोजगार मिला।

**काशी अब पूर्वांचल की हेल्थ कैपिटल :** प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी पूर्वांचल की हेल्थ कैपिटल बन गया है। पहले मरीजों को इलाज के लिए मुंबई जाना पड़ता था, लेकिन अब शहर में ही अत्याधुनिक अस्पताल, कैंसर सेंटर, आयुष्मान भारत और जन औषधि केंद्रों से लोगों को राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि काशी में रहना, काशी आना और यहां जीना अब सबके लिए विशेष अनुभव बन गया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि शहर में सड़कों, गैस पाइपलाइन, स्टेडियम, और रोपवे जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट तेजी से पूरे हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान काशी के बच्चों की प्रतिभा का भी जिक्र किया।

# दम घोंट रही दिल्ली की हवा

## बवाना में 403 एक्यूआई, छाई जहरीली धुंध...



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की हवा जहरीली बनी हुई है। शनिवार को कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। बवाना का एक्यूआई गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बवाना में एक्यूआई 403 दर्ज किया गया है।

वहीं अन्य इलाकों में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। आनंद विहार में 368, रोहिणी में 371, अलीपुर में 362, अशोक विहार में 372, चांदनी चौक में 367, आईटीओ में 380, जहांगीरपुर में 371, द्वारका सेक्टर-8 में 313, और आईजीआई एयरपोर्ट (टी-3) पर 271 दर्ज किया गया।

अक्षरधाम के आसपास के दृश्य, जहां जहरीली धुंध की एक परत दिखाई दे रही है।

सीपीसीबी के अनुसार, यहां एक्यूआई 368 पर 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला के कार्यालय का उद्घाटन







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के शक्ति खंड प्रथम में पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला के कार्यालय का कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन के साथ हुआ, इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिक सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला पार्टी के कार्यकर्ता है पार्टी का काम करेंगे, सबको मिलजुल कर पार्टी के आयामों को पूरा करना है। इंदिरापुरम के लिए एक चैलेंज है, कि 2003 में कितने वोट थे अब कितने बनवाने हैं इन्हें सबको मिलजुलकर आगे का काम करना है।

वही पार्टी कार्यकताओं ने एमएलसी दिनेश गोयल का स्वागत पर सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा यह कार्यालय सभी के लिए खुला हुआ है और पार्टी के आयाम को पूरा करने के लिए कोई भी कार्यकर्ता पार्टी का काम कर सकता है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, एमएलसी चुनाव के संयोजक अशोक मोंगा, प्रदेश दिव्यांग सशक्तिकरण प्रकोष्ठ सदस्य सुनील शर्मा मास्टर, संजीव झा, अश्विनी शर्मा , आशीष पांडेय पूर्व मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी पार्षदों में राधेश्याम त्यागी, हरीश कडाकोटी, धीरज अग्रवाल, अनुज त्यागी, अनिल तोमर, अभिनव जैन, उमाशंकर तोमर, अनिल मेहंदीरत्ता, प्रशांत राघव, धीरज शर्मा, अमित शर्मा, सतीश कसाना, संजीव शर्मा, सतीश शर्मा, सुषमा गंगवार मनोज डागा दिनेश सिंह, बबीता दीक्षित, पूनम बंसल, अपर्णा मिश्रा, स्वाति शर्मा, कविता सिंह, किशोर ठाकुर, मंजू सिंह, सुमित शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कुपवाड़ा में सेना का 'ऑपरेशन पिम्पल' घुसपैठ की कोशिश में दो आतंकी ढेर



**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में सुरक्षा बलों ने एक और घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। भारतीय सेना ने शुक्रवार को बताया कि इस अभियान में दो आतंकियों को मार गिराया गया है और इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी देते हुए कहा कि यह ऑपरेशन 7 नवंबर को शुरू किया गया था। एजेंसियों से मिली विशेष खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश करने वाले आतंकियों को रोकने के लिए कार्रवाई की।

चिनार कोर के अनुसार, चौकस जवानों ने संदिग्ध हलचल देखी और आतंकियों को चुनौती दी। जवाब में आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई और दोनों आतंकवादी मारे गए। फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

**पहले भी कई बार घुसपैठ की कोशिशें की गईं :** सेना के अनुसार, यह अभियान नियंत्रण रेखा के पास उस इलाके में चलाया जा रहा है, जहां से पहले भी कई बार घुसपैठ की कोशिशें की जा चुकी हैं। ऑपरेशन में शामिल जवानों ने इलाके की नाकेबंदी कर दी है ताकि किसी भी आतंकी को भागने का मौका न मिले।

**छत्रु में आतंकियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया गया :** यह मुठभेड़ ऐसे समय पर हुई है जब तीन दिन पहले ही किश्तवाड़ जिले के दूरदराज क्षेत्र छत्रु में आतंकियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया गया था। वहां भी सुरक्षा एजेंसियों को इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की पुख्ता जानकारी मिली थी।

## आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में भीषण सड़क हादसा, 3 की मौत और 7 घायल

**आंध्र प्रदेश में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। रविवार को काकीनाडा जिले के किर्लमपुडी मंडल के सोमनाडा गांव जंक्शन के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।**



**काकीनाडा।** आंध्र प्रदेश में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। रविवार को काकीनाडा जिले के किर्लमपुडी मंडल के सोमनाडा गांव जंक्शन के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, अन्नावरम से जग्गमपेटा की ओर जा रही एक कार का टायर अचानक फट गया, जिससे चालक ने नियंत्रण खो दिया। कार पहले एक मोटरसाइकिल और ऑटो-रिक्शा से टकराई, फिर अनियंत्रित होकर बस स्टॉप में जा घुसी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ।

मृतकों की पहचान हो गई है। मरने वालों में तीनों सोमनाडा गांव के निवासी हैं। मोर्टा आनंदराव, मोर्टा कोंडैया और ककाडा राजू की इस हादसे में मौत हो गई। घटना में घायल हुए सात लोगों को प्रथिपाडु अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक ज्योतुला नेहरू मौके पर पहुंचे, उन्होंने शोकग्रस्त परिवारों से मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

किर्लमपुडी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ताकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

## प्यार पाने का चढ़ा ऐसा जुनून, प्रेमिका की खातिर अधेड़ ने पत्नी को दिया तलाक, 25 साल का रिश्ता तोड़ा



**शाहबाद (रामपुर)।** यूपी के रामपुर जिले में 25 साल का पुराना शादी का रिश्ता एक झटके में टूट गया, जब एक अधेड़ ने अपनी पुरानी प्रेमिका के खातिर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। प्रेमिका से संबंधों को लेकर पिछले एक साल से घर में कलह चल रही थी, जो आखिरकार तीन तलाक पर जाकर खत्म हुई।

जानकारी के मुताबिक, नगर के एक मोहल्ला निवासी पचास वर्षीय अधेड़ ने शादी के 25 साल के बाद प्रेमिका के खातिर अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। मामला तब सामने आया जब पत्नी ने तलाक के बाद गिले शिकवे परिवार और मायके पक्ष के लोगों से किए। तलाक देने वाले अधेड़ के दामाद के अनुसार अधेड़ का प्रेम प्रसंग करीब 30 साल से मोहल्ले की एक महिला से चल रहा था। इस बीच प्रेमिका की शादी दूसरे प्रदेश उत्तराखंड में हो गई थी और अधेड़ की शादी दूसरी जगह से हो गई थी।

साल भर पहले प्रेमिका के पति की किसी कारण मृत्यु हो जाती है, जिसके बाद एक बार फिर से अधेड़ और प्रेमिका के बीच की दूरियां, नजदीकियों में बदल गई और पुराना प्यार परवान चढ़ गया। सालभर के बीच अधेड़ और प्रेमिका के आपत्तिजनक फोटो भी पत्नी, बेटी, बेटे और दामाद के हत्थे लग गए। मामले का खुलासा होने पर घर में कलह होना शुरू हो गया।

दामाद के मुताबिक चार दिन पहले मामला इतना बिगड़ गया कि अधेड़ ने प्रेमिका के खातिर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। तलाक का विरोध करने पर पति ने मारपीट की कोशिश भी की। तलाक के बाद पत्नी फफक-फफक कर रो पड़ी और मायके पक्ष से शिकायत की। फिलहाल मामला चचाओं में है। हालांकि यह मामला अभी कोतवाली तक नहीं पहुंचा है। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार को अधेड़ की शादी होने की चर्चा चल रही थी और पीड़ित पत्नी समेत सभी लोग परेशान थे। रामपुर के ही मसवासी चौकी क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर हंगामा खड़ा हो गया।

परिजनों ने पड़ोसी युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है, जबकि युवती ने खुद को बालिग बताते हुए प्रेमी से अपनी मर्जी से शादी करने की बात कही है ।मामला बीते दो दिन पहले का बताया जा रहा है। एक व्यक्ति ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाला युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है।

# चीन के बाद भारत में किडनी के रिकॉर्ड तोड़ मामले, आपकी गलतियां बढ़ा रही हैं खतरा

**साल 2023 में भारत में क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) के मामलों में 138 मिलियन (13.8 करोड़) रोगियों की संख्या के साथ दूसरे स्थान पर था, चीन में इस बीमारी के सबसे ज्यादा मामले (15.2 करोड़ रोगी) रिपोर्ट किए गए।**



**नई दिल्ली।** लाइफस्टाइल और खान-पान में गड़बड़ी के कारण संपूर्ण स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। नतीजतन करीब दो दशकों पहले तक जो बीमारियां उम्रदराज लोगों को होती थीं, जिसके मामले गिन-चुने सामने आते थे वह अब काफी आम हो गई हैं। मेडिकल रिपोर्ट्स पर नजर डालें तो पता चलता है कि किडनी से संबंधित समस्याएं और इससे मौत के मामले हाल के वर्षों में काफी तेजी से बढ़े हैं। भारतीय आबादी में भी इसका व्यापक असर देखा जा रहा है।

मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक दुनियाभर में 850 मिलियन (85 करोड़) से ज्यादा लोग किडनी की बीमारी से पीड़ित हैं, जिससे यह एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन गई है। ये मृत्यु का एक प्रमुख कारण भी है। बढ़ती उम्र वाली आबादी के साथ डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की बढ़ती दरों के कारण इसका जोखिम और भी तेजी से बढ़ता देखा जा रहा है।

किडनी की बीमारियों को लेकर वैश्विक अध्ययनों का अनुमान है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में किडनी रोगों के मामले और भी तेजी से बढ़े हैं। दुनियाभर में चीन के बाद क्रमशः भारत दूसरा देश है जहां किडनी रोगों के मामले सबसे ज्यादा रिपोर्ट किए गए हैं।

**भारत में क्रोनिक किडनी डिजीज के मामले :** अध्ययन की ये रिपोर्ट द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित हुई है। इसके अनुसार साल 2023 में भारत क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) के मामलों में 138 मिलियन (13.8 करोड़) रोगियों की संख्या के साथ दूसरे स्थान पर था, चीन में इस बीमारी के सबसे ज्यादा मामले (15.2 करोड़ रोगी) रिपोर्ट किए गए।

आंकड़ों से पता चलता है कि साल 2023 में सीकेडी मृत्यु का नौवां प्रमुख कारण रही और इस वर्ष वैश्विक स्तर पर लगभग 15 लाख लोगों की मौत भी हो गई। वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (आईएचएमई) और अमेरिका व ब्रिटेन के अन्य संस्थानों के शोधकताओं के नेतृत्व में ये अध्ययन किया गया है, जिसके निष्कर्ष काफी चिंता बढ़ाने वाले हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

आईएचएमई में प्रोफेसर थियो वोस कहते हैं, क्रोनिक किडनी डिजीज के कारण स्वास्थ्य संबंधित जोखिम तो बढ़े ही हैं साथ ही इस रोग कारण स्वाथ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव भी बढ़ता जा रहा है। अन्य गैर-संचारी रोगों की तुलना में इस पर नीतिगत ध्यान बहुत कम दिया जाता है, जबकि इसका प्रभाव उन क्षेत्रों में सबसे तेजी से बढ़ रहा है जो पहले से ही स्वास्थ्य असमानताओं का सामना कर रहे हैं। शोधकताओं ने ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) 2023 अध्ययन के आंकड़ों का विश्लेषण किया, जिसमें 1990 से 2023 तक 204 देशों में स्वास्थ्य संबंधित जोखिमों पर ध्यान दिया गया। विशेषज्ञों ने कहा, आहार संबंधी कारक जैसे फलों और सब्जियों का कम सेवन और सोडियम (नमक) की आहार में बढ़ती मात्रा क्रोनिक किडनी रोग के जोखिम में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

**किडनी की बढ़ती बीमारियों के कारण :** अध्ययनकताओं की टीम बताती है कि क्रॉनिक किडनी डिजीज हृदय रोगों का भी प्रमुख कारण है और ये साल 2023 में दुनियाभर में हृदय संबंधी मौतों में लगभग 12 प्रतिशत मामलों के लिए भी जिम्मेदार है। टीम ने कहा डायबिटीज और मोटापे के साथ किडनी की बीमारियों के कारण भी हृदय रोगों से मौत के मामले बढ़े हैं। सीकेडी हृदय संबंधी मृत्यु का सातवां प्रमुख कारण है।

इसके अलावा अध्ययनकताओं ने क्रोनिक किडनी डिजीज के लिए चौदह जोखिम कारकों के बारे में भी लोगों को अलर्ट किया है जिनमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापा सहित कुछ स्थितियां शामिल हैं।

**किडनी की बीमारियों से कैसे बचें? :** स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, चूंकि वैश्विक स्तर पर किडनी की बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं और भारतीय आबादी भी इसका शिकार होती जा रही है इसलिए सभी लोगों को इससे बचाव के उपाय शुरू कर देने चाहिए।

दिन में 8-10 गिलास पानी पिएं। यह शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है।

यदि आपको डायबिटीज या हाई बीपी है, तो इन्हें नियंत्रित रखें। यह किडनी को बड़ी क्षति से बचाता है।

अपनी थाली में फल, सब्जियां और साबुत अनाज शामिल करें। नमक (सोडियम) का सेवन कम करें।

हफ्ते में कम से कम 150 मिनट हल्के से मध्यम स्तर के व्यायाम करें, जिससे वजन कंट्रोल में रहे।

धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन किडनी सहित पूरे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इससे दूरी बनाएं।

बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दर्द निवारक दवा या सप्लीमेंट न लें।

यदि आपके परिवार में किडनी रोगों का इतिहास है या आपको डायबिटीज/बीपी है, तो डॉक्टर की सलाह पर समय-समय पर किडनी फंक्शन टेस्ट कराएं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का करंट

**Ashwani Sharma** is with **Mayank Goyal Ghaziabad** and **4 others**.
3h

पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता आदरणीय लाल कृष्ण आडवाणी जी को जन्म दिवस की हार्दिक मंगल कामनाएं ... तत्कालीन महापौर स्वर्गीय दमयंती गोयल जी ने बड़े स्नेह से मेरी बिटिया को अपनी गोद में बिठाकर माननीय आडवाणी जी और उनकी पत्नी कमला आडवाणी जी को भोजन कराया था।
🙏अविस्मरणीय स्नेह था महापौर जी का🙏






# भगवा सियासत में कमल वाले वार्डों को लेकर क्यों हो रहा है सीन हार्ड

## लोकसभा-विधानसभा में जय-जय कार और नगर निगम वालों के यहां मच रहा हाहाकार






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोकतंत्र में बहुमत का शासन होता है और जनता जिसे जनादेश देती है उसी का राज होता है। मगर इस समय सियासत में अजीब कहानी चल रही है। प्रदेश में सरकार भाजपा की है, निगम में सुपर बहूमत भाजपा का है और भाजपा वाले वार्ड में ही कहानी हार्ड चल रही है। भाजपा के पार्षद मोर्चा खोल रहे हैं। भाजपा के पार्षद धरने पर बैठ रहे हैं। कमाल ये है कि विपक्ष के पार्षद सहयोगी की भूमिका में हैं। हताशा में सत्ताधारी दल के पार्षद दिखाई देते हैं और तमाशा देखने वालों में विपक्ष के पार्षद शामिल हैं।

ये कहानी उस नगर निगम की है जहां निगम के गठन के बाद से मेयर सीट पर भाजपा काबिज रही है। 100 वार्ड वाले सदन में 75 पार्षद भाजपा के बताये जाते हैं। कुछ चुनाव में जीते और कुछ भाजपा को हारने के बाद उसी वार्ड में भाजपाई हो गये। ये सीन नदिया पार से लेकर लाईन पार तक का है।

सवाल यही है कि आखिर निगम के वार्ड में ऐसा क्यों हो रहा है। निगम के एक वार्ड में भाजपा चुनाव जीतती है और यहां पहले महिला पार्षद दिखाई देना बंद होती है और फिर धीरे धीरे महिला पार्षद का पति भी सीन से आउट हो जाता है।

विकास की कमान कभी मंडल अध्यक्ष थामते हैं तो कभी पूर्व पार्षद आगे आ जाती हैं। एक वार्ड में महिला पार्षद चुनावी जीती है और उस वार्ड में तरह तरह के किस्से रोजाना भाजपाईयों की जुबान से बाहर आते हैं। भाजपा का एक पार्षद हलवाई के लड्डुओं की शिकायत करता है। व्यापार मंडल तो हलवाई की हिमायत में आता दिखाई देता है लेकिन भाजपा के पार्षद के साथ 10 भाजपा के पार्षद भी नहीं आते हैं। भाजपा का पार्षद नदिया पार में ये शिकायत करता है कि उसके कहने से कूड़ा नहीं उठ रहा है। कहीं ये शिकायत होती है कि हम तो अतिक्रमण दस्ते के साथ मौके पर आ गये और शिकायत करने वाला पार्षद ही नहीं है। पार्षद दबी जुबान से इतना कहता है कि मैंने तो शिकायत ही नहीं की थी तो फिर मेरा मौके पर आने का क्या मतलब है।

ये किस्से इस वार्ड से उस वार्ड तक हैं और बड़ी बात ये है कि सभी में कमल वाले शामिल हैं। अब सवाल ये उठने लगा है कि जब जनता ने भाजपा को जनादेश दे दिया है तो फिर वो कौन है जो अलग से आदेश दे रहा है।

### बोर्ड बैठक में गूंजेगा कमल वालों के विरोध का नाद


करंट क्राइम। कमल वालों की सियासत में कमाल ये हो गया है कि नगर निगम में जय भाजपा तय भाजपा है और फिर भी विरोध हो रहा है। पार्षद धरने पर बैठ रहे हैं, पार्षद लखनऊ जा रहे हैं। सवाल ये है कि अगर विकास को लेकर विरोध है तो फिर लोकसभा वालों के यहां विरोध क्यों नहीं हो रहा। अगर विकास को लेकर विरोध है तो विधानसभा वालों के यहां विरोध क्यों नहीं हो रहा। विधान परिषद वालों के यहां शांति है है। मगर ऐसा क्या है कि निगम वालों के यहां हर रोज एक किस्सा बाहर आता है। जूम बैठक होती है तो महानगर अध्यक्ष टैक्स का मुद्दा रख देते हैं और शहर विधायक उसे सपोर्ट करते हैं। निगम की मुखिया पत्र लिखती हैं और पार्षदों की अनुशासनहीनता का जिक्र करती हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुशासनहीनता की बात को सिरे से नकार देते हैं और इसे पार्षदों का अधिकार बताते हैं। अब नगर निगम में बोर्ड बैठक होगी तो विरोध का नाद ही कमल वालों की ओर से आयेगा। वो इसके लिए पूरी तैयारी कर चुके हैं। उन्होंने होम वर्क किया है और ये देखना भी रोचक रहेगा कि नदिया पार से लेकर लाईन पार तक पार्षदों की जब आवाज आयेगी तो वो सब पार्षद कमल वाले होंगे।

# पार्षद शीतल चौधरी हमले के 9 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, फॉरेंसिक रिपोर्ट बनी रहस्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी की महिला पार्षद शीतल चौधरी पर हुए जानलेवा हमले के नौ दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस को अब तक ना फॉरेंसिक रिपोर्ट मिली है, ना ही कोई ठोस सुराग या दस्तावेज हाथ लगा है। सूत्रों के अनुसार, एक उप निरीक्षक रोजाना फॉरेंसिक लैब पहुंचते हैं, लेकिन रिपोर्ट अब तक नहीं मिली। पार्षद शीतल चौधरी ने आरोप लगाया था कि उन पर फायरिंग की गई थी, परंतु फॉरेंसिक रिपोर्ट के अभाव में जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है।



### फॉरेंसिक रिपोर्ट में देरी बनी पुलिस जांच की बड़ी चुनौती



करंट क्राइम फॉलोअप

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में फॉरेंसिक रिपोर्ट्स में देरी की समस्या आम हो चुकी है। सैकड़ों मामलों में जांच प्रभावित होती है और पीड़ित न्याय से वंचित रह जाते हैं। इस राजनीतिक रूप से संवेदनशील और भाजपा से जुड़े मामले में भी अब तक रिपोर्ट नहीं आई है। बताया जा रहा है कि थाना मधुबन बापूधाम थानाध्यक्ष और अन्य अधिकारी लगातार फॉलोअप में हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल रही। उधर, सूत्रों का कहना है कि पुलिस अगले दो से तीन दिन में किसी महत्वपूर्ण खुलासे की तैयारी में है। अब देखना यह होगा कि यह खुलासा थाना पुलिस करती है या पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच के हाथों होता है।

# हर्ष फायरिंग केस में सिगरेट कारोबारी पर मुकदमा दर्ज



> "सार्वजनिक स्थलों पर हर्ष फायरिंग, अश्लील प्रदर्शन और कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> **रितेश त्रिपाठी,** एसीपी कोतवाली



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** कोतवाली थाना क्षेत्र के घंटाघर इलाके में शादी समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग और अश्लील डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, सिगरेट-बीड़ी के कारोबार से जुड़े कारोबारी धनेश मित्तल ने अपने पुत्र की शादी में जमकर हर्ष फायरिंग करवाई। वायरल वीडियो में बारात में मंच पर अश्लील डांस और नशे में धुत लोगों द्वारा उत्पात करते हुए दृश्य भी सामने आए थे।

वीडियो वायरल होते ही कोतवाली नगर पुलिस ने जांच शुरू की और धनेश मित्तल समेत आयोजकों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि वीडियो की तकनीकी जांच जारी है, ताकि सभी आरोपितों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा सके।

# गाजियाबाद में सांस लेना हुआ दुश्वार

## लगातार बढ़ रहा वायु प्रदूषण, बच्चे-बुजुर्ग परेशान

AQI AIR QUALITY INDEX

**पिछले सात दिनों के आंकड़ों के अनुसार, शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक औसतन 300 के पार बना हुआ है, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।**

### विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे माहौल में सुबह की सैर करना जानलेवा साबित हो सकता है

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद में बीते एक सप्ताह से वायु प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक श्रेणी में बना हुआ है।

हवा में जहरीले कणों की मात्रा इतनी बढ़ चुकी है कि अब शहर में सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। सड़कों पर सुबह की धुंध अब प्रदूषण की परत में बदल चुकी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे माहौल में सुबह की सैर करना जानलेवा साबित हो सकता है। पिछले सात दिनों के आंकड़ों के अनुसार, शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक औसतन 300 के पार बना हुआ है, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।

कुछ दिनों में यह स्तर 325 तक पहुंच गया था। हालाँकि कुछ समय के लिए हवा में सुधार हुआ, लेकिन स्थिति फिर बिगड़ गई।



### लगातार बढ़ते प्रदूषण के कारण

करंट क्राइम। गाज़ियाबाद में प्रदूषण बढ़ने के पीछे कई कारण सामने आए हैं।

1. **वाहन उत्सर्जन:** शहर की सड़कों पर बढ़ते वाहनों और ट्रैफिक जाम के कारण हवा में धुआं और कार्बन कणों की मात्रा बढ़ी है।
2. **निर्माण कार्य और धूल:** बड़े-बड़े निर्माण स्थलों और टूटी सड़कों से उड़ती धूल हवा में घुलकर हालात बिगाड़ रही है।
3. **उद्योगों से निकलता धुआं:** कई औद्योगिक इलाकों में प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का पालन नहीं हो रहा।
4. **खेतों में पराली जलने का असर:** पड़ोसी राज्यों से आने वाली धुंध भी एनसीआर की हवा को जहरीली बना रही है।
5. **मौसमी कारण:** ठंड के मौसम में हवा की गति कम होने और तापमान घटने से प्रदूषक जमीन के पास ही टिक जाते हैं।

### प्रशासन ने जारी किए एहतियाती निर्देश

करंट क्राइम। प्रदूषण पर काबू पाने के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू किया गया है। निर्माण कार्यों पर रोक, सड़कों पर पानी का छिड़काव और खुले में कचरा जलाने पर सख्ती जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। फिर भी वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार नहीं दिख रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह के समय खुले में व्यायाम या सैर करना फिलहाल सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। ऐसे में लोगों को घर के भीतर ही योग या व्यायाम करने की सलाह दी गई है। साथ ही बाहर निकलते समय एन95 मास्क पहनने की अपील की गई है। गाज़ियाबाद की हवा इस समय जहरीली हो चुकी है। बच्चों और बुजुर्गों से लेकर आम नागरिक तक इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। अगर हालात ऐसे ही बने रहे तो शहर में सांस लेना और मुश्किल हो जाएगा। प्रशासन के साथ-साथ नागरिकों को भी जागरूक होकर प्रदूषण नियंत्रण में अपनी भूमिका निभानी होगी।



### बच्चों और बुजुर्गों पर खतरा

करंट क्राइम। डॉक्टरों का कहना है कि इस समय हवा में मौजूद बारीक कण (पीएम2.5 और पीएम10) बच्चों और बुजुर्गों के लिए बेहद खतरनाक हैं। इससे सांस की बीमारियाँ, अस्थमा, आंखों में जलन और सिरदर्द जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। शहर के कई अस्पतालों में सांस संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

## महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस कमिश्नर ने की समीक्षा बैठक

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण पर जोर

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज पुलिस लाइन्स गाज़ियाबाद में एक विशेष समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस गोष्ठी की अध्यक्षता पुलिस कमिश्नर ने की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गोष्ठी में अपराध/कानून व्यवस्था के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त केशव चौधरी, महिला अपराध एवं मिशन शक्ति की प्रभारी सहायक पुलिस आयुक्त सलोनी अग्रवाल, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन शक्ति अभियान के तहत अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करना, महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना और पुलिस बल में संवेदनशीलता को और मजबूत बनाना था।





### महिला सुरक्षा कक्षों की स्थापना : सीपी

करंट क्राइम। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कमिश्नरेट गाज़ियाबाद के सभी थानों में महिला सहायता कक्ष स्थापित किए गए हैं, जिनमें पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता एवं परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, सूचना के त्वरित आदान-प्रदान के लिए सभी मिशन शक्ति केंद्रों को सरकारी सीयूजी मोबाइल फोन एवं सिम भी उपलब्ध कराए गए हैं। सीपी जे रविंदर गौड ने कहा मिशन शक्ति अभियान केवल प्रशासनिक पहल नहीं है, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को सशक्त करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक सुझाव भी दिए।



### बैठक में दिए गए प्रमुख निर्देश

- महिला संबंधी अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
- महिला शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार किया जाए।
- प्रत्येक थाना एवं इकाई में मिशन शक्ति नोडल अधिकारी की सक्रियता सुनिश्चित हो।
- जनजागरूकता कार्यक्रमों, थिंक-टॉक शो और संवाद आयोजनों को प्राथमिकता दी जाए।
- मिशन शक्ति केंद्रों पर आने वाली महिलाओं को उचित मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया जाए।
- महिला शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाए।

# गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर चलाया जा रहा है अभियान, नगर आयुक्त ने अधिकारियों की बढ़ाई मॉनिटरिंग

## वॉटर टैंकर से छिड़काव तथा जेट्टिंग मशीन से पानी की बौछार कर रहा है जलकल विभाग

**जलकल विभाग ने चलाया सड़कों की धुलाई का अभियान, शहर को धूल मुक्त बनाने हेतु जारी है निगम का प्रयास**





**सड़कों से सी एंड डी वेस्ट हटा रहा है निर्माण, ग्रीन बेल्ट के पौधों पर पानी बरसा रहा है उद्यान**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर अभियान के रूप में कार्य किया जा रहा है जलकल स्वास्थ्य निर्माण और उद्यान संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रहे हैं जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा मल्टी एंटी स्मोक गण के माध्यम से पानी का छिड़काव सड़कों पर कराया जा रहा है वहीं जलकल विभाग भी सड़कों पर पानी छिड़काव के साथ-साथ सड़कों की धुलाई का कार्य भी कर रहा है उद्यान विभाग ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज पर लगे हुए पौधों की धुलाई तथा उन पर पानी बरसने का कार्य कर रहा है, निर्माण विभाग द्वारा अभियान चलाते हुए जेसीबी के माध्यम से सी एंड दी वेस्ट मटेरियल को हटाने का कार्य किया जा रहा है।

नगर आयुक्त द्वारा चल रहे कार्यों पर निगरानी बढ़ाने के लिए अपर नगर आयुक्त सहित विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है, वायु गुणवत्ता सुधार के लिए उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए गाजियाबाद नगर निगम का प्रयास जारी है जिसमें स्थान का चयन करते हुए विभाग संयुक्त कार्यवाही कर रहा है, रोटरी गोल चक्कर से यूपी गेट तक, रोटरी गोल चक्कर से नंदग्राम होते हुए हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन तक, रोटरी गोल चक्कर से नागद्वार तक, हिंडन एयर फोर्स स्टेशन से मेरठ रोड तक, अंबेडकर रोड, मोहन नगर मेट्रो स्टेशन से यूपी गेट तक, हापुर चुंगी चौराहा से ठाकुरद्वारा ओवर ब्रिज तक, हापुर चुंगी चौराहा से पुलिस लाइन तक, मेरठ तिराहा से गंगाजल प्लांट होते हुए NH 24 तक, हापुर चुंगी चौराहा से विवेकानंद कट तक, डायमंड कट से NH 24 तक, आरडीसी मोड़ से हिंट चौक तक, हापुर चुंगी से मेरठ रोड तक, ठाकुरद्वारा से मेरठ तिराहा तक, NH 24 से CISF होते हुए कनवानी मोड तक अभियान चलाते हुए पानी की बौछार तथा छिड़काव का कार्य किया जा रहा है।

शहर के प्रमुख 15 मार्गों के साथ-साथ पांचो जोन के आंतरिक मार्ग में भी वायु गुणवत्ता सुधार के लिए कार्यवाही की जा रही है।

### कूड़े में आग लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई

करंट क्राइम। सुबह 5 :00 से रात्रि 8 :00 तक तथा रात्रि में भी पानी के छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है वॉटर टैंकर के माध्यम से जलकल विभाग द्वारा वार्डों की आंतरिक सड़कों पर भी पानी का छिड़काव हो रहा है जिससे शहर वासियों द्वारा भी जागरुक होकर अपने घरों के आसपास पानी का छिड़काव कर रहे हैं वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए निगम द्वारा की जा रही कार्यवाही की प्रशंसा शहर वासियों द्वारा की जा रही है, कूड़े में आग लगाने तथा धुआं फैलाने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है।





## संपादकीय

# सीखने-सिखाने का हाल

नवीनतम क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग उन चुनौतियों की ओर इशारा करती हैं जिनका सामना भारत को विश्व की सेवा क्षेत्र की राजधानी के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिए करना पड़ रहा है। भारत दुनिया की अग्रणी कंपनियों के वैश्विक क्षमता केंद्रों के लिए एक पसंदीदा स्थान के रूप में अपनी स्थिति को अपनी बढ़ती घरेलू बौद्धिक पूंजी का एक संकेतक मानता है। लेकिन वैश्विक उच्च शिक्षा का विश्लेषण करने वाली फर्म, क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) द्वारा संकलित वार्षिक रैंकिंग से पता चलता है कि देश अपनी उच्च शिक्षा में गंभीर सुधार किए बिना इस मानव संसाधन पर भरोसा नहीं कर पाएगा।

भारत ने न केवल सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाली उच्च शिक्षा प्रणाली के रूप में अपना शीर्ष स्थान चीन के हाथों गंवा दिया, बल्कि उसके कई प्रमुख संस्थानों की रैंकिंग में भी उल्लेखनीय गिरावट आई। इस वर्ष 137 भारतीय विश्वविद्यालयों ने इस सूची में प्रवेश किया, जिससे इसमें शामिल देश के विश्वविद्यालयों की कुल संख्या 294 हो गई। उच्च तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की चीन की ऊजार्वान और सक्षम नीति का अंदाजा इसके 261 संस्थानों के जुड़ने से लगाया जा सकता है जिससे वहां के संस्थानों की कुल संख्या 395 हो गई है। कोई भी भारतीय संस्थान शीर्ष 10 में जगह नहीं बना पाया। इसमें हॉन्ग कॉन्ग, चीन और वैश्विक नवाचार के उभरते केंद्र सिंगापुर के संस्थान रहे।

भारत का शीर्ष प्रदर्शन करने वाला विश्वविद्यालय भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली रहा लेकिन उसकी 59वीं रैंकिंग पिछले वर्ष के 44वें स्थान से 15 पायदान नीचे है। आईआईटी बंबई 2025 में 48 से गिरकर 71 पर आ गया और आईआईटी खड़गपुर पिछले साल के 60 से गिरकर 77 पर पहुंच गया। मद्रास और कानपुर सहित सभी प्रमुख आईआईटी ने कम से कम 2021 के बाद से अपनी सबसे निचली रैंक दर्ज की। भारत की शीर्ष 10 रैंकिंग में शामिल सात संस्थानों में से केवल चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ही 120 से 109 पर पहुंचा है। कोई भी भारतीय विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर शीर्ष 100 में स्थान नहीं रखता है। हालांकि चीन के कई विश्वविद्यालय इसमें शामिल हैं, जिनमें 14वें स्थान पर पेकिंग विश्वविद्यालय है।

विडंबना है कि यह खराब प्रदर्शन ऐसे समय में दिख रहा है, जब भारत सरकार ने पिछले एक दशक में उच्च शिक्षा में कई सुधार पेश किए हैं। इन सुधारों में, आईआईटी के लिए अधिक शासी स्वायत्तता, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए संसाधन जुटाने के मानदंडों में ढील, और विदेशी विश्वविद्यालयों के प्रवेश का रास्ता आसान बनाना शामिल है। लेकिन इनमें से किसी ने भी भारतीय विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन के लिए स्वदेश में ही रहने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार विदेश में पढ़ने वाले भारतीय विद्यार्थियों की संख्या इस साल 18 लाख तक पहुंच गई है, जो 2023 में 13 लाख थी। विदेश जाने में यह स्थिर वृद्धि शीर्ष भारतीय संस्थानों में उपलब्ध सीमित सीटों के साथ-साथ इन क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के कारण है। ये रुझान भारतीय उच्च शिक्षा में गुणवत्ता की गंभीर कमी की ओर इशारा करते हैं। इनसे यह भी पता चलता है कि केंद्रीय और राज्यों के विश्वविद्यालयों को शिक्षण मानकों और संसाधनों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

यह स्थिति केवल तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान पर केंद्रित संस्थानों की ही नहीं है, जिनके लिए क्यूएस रैंकिंग के मानदंड अनुकूल प्रतीत होते हैं, बल्कि कला और मानविकी के लिए भी ऐसा ही है। कला और मानविकी की उपेक्षा को कम करके नहीं आंका जा सकता। विश्वविद्यालयों में नियुक्तियों में बढ़ते हस्तक्षेप और केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा विशिष्ट विचारधाराओं के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने के प्रयासों ने उच्च शिक्षा की ईमानदारी और गुणवत्ता को लगातार कमजोर किया है।

प्रतिभाशाली शिक्षाविद और उत्कृष्ट छात्र बेहतर संसाधनों वाले स्वतंत्र अनुसंधान के अवसरों की तलाश में तेजी से अन्यत्र जा रहे हैं। अनुसंधान के लिए एक तटस्थ लेकिन सक्षम वातावरण, चाहे वह कला का क्षेत्र हो या विज्ञान का, वह आदर्श है जिसकी ओर भारत को लक्ष्य बनाना चाहिए।

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का चौथा दौर सफल

## व्यापार और निवेश में नई संभावनाओं के खुलने की उम्मीद

**भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए की चौथे दौर की वार्ता सकारात्मक माहौल में पूरी हुई। पांच दिनों तक चली इस चर्चा में दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने रचनात्मक और व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।**




**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के चौथे दौर की वार्ता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। दोनों पक्षों के बीच पांच दिनों तक रचनात्मक और दूरदर्शी चर्चा हुई। केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले ने इस दौरान हुई स्थिर प्रगति की सराहना की। साथ ही एक आधुनिक, व्यापक और भविष्य के लिए तैयार एफटीए की दिशा में काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

**इन अहम मुद्दों पर हुई बातचीत :** चर्चा में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, आर्थिक सहयोग और उत्पत्ति के नियमों जैसे अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने व एक-दूसरे के लिए लाभदायक साझेदारी विकसित करने की साझा प्रतिबद्धता जताई।

**दोनों देशों ने जताई प्रतिबद्धता :** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक समृद्धि और सुरक्षित सप्लाई चेन को बढ़ावा देने के लिए गहरे आर्थिक साझेदारी के प्रति अपने संकल्प को दोहराया।

मंत्रियों ने कहा कि प्रस्तावित एफटीए से दोनों देशों के बीच व्यापार प्रवाह में बढ़ोतरी, निवेश संबंधों में मजबूती, सप्लाई चेन की लचीलापन में सुधार और कारोबारियों के लिए बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित होगी। दोनों देशों ने इस प्रक्रिया को जल्द पूरा करने और एक संतुलित व पारस्परिक रूप से लाभदायक समझौते तक पहुंचने की प्रतिबद्धता जताई।

**वित्त वर्ष 2025 में दोनों पक्षों के बीच हुआ 1.3 अरब डॉलर का कारोबार :** बता दें कि वित्त वर्ष 2024-25 में न्यूजीलैंड के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 1.3 अरब डॉलर रहा। यह 49 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि को दशार्ता है। प्रस्तावित एफटीए से कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा और सेवाओं जैसे क्षेत्रों में और अधिक संभावनाएं खुलने की उम्मीद है, जिससे व्यवसायों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए नए अवसर पैदा होंगे।

# रूस से तेल खरीदने की हंगरी को मिली छूट

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान को रूस से तेल खरीदने के लिए प्रतिबंधों से छूट दी है। दोनों दक्षिणपंथी नेताओं की व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान ट्रंप और ओरबान ने एक-दूसरे की खुलकर प्रशंसा की।



बता दें कि ट्रंप के दोबारा सत्ता में लौटने के बाद व्हाइट हाउस में यह ओरबान की पहली मुलाकात है। बैठक में ओरबान ने कहा कि यूक्रेन के लिए रूस को हराना एक चमत्कार होगा, जिससे उनके रुख और अन्य यूरोपीय नेताओं के बीच स्पष्ट मतभेद दिखा।

**यह बैठक हंगरी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि :** हंगरी के विदेश मंत्री पीटर सिज्जार्टो ने इस मुलाकात को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने ने एक्स पर बताया कि यह फैसला उनके देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद अहम है।

**राष्ट्रपति ट्रंप ने हंगरी को क्यों दी छूट? :** राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले बताया था कि हंगरी को उसकी भौगोलिक स्थिति के कारण राहत दी जाएगी, क्योंकि यह चारों ओर से जमीन से घिरा है और देश समुद्री मार्ग से आयात नहीं कर सकता और उसे पाइपलाइन के जरिए ही ऊर्जा आपूर्ति मिलती है।

# अक्तूबर में भारत की सीपीआई मुद्रास्फीति घटने का अनुमान



**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल नरम पड़ने और जरूरी चीजों की कीमतें घटने के कारण भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में गिरावट दिखी है। अक्तूबर 2025 में खुदरा महंगाई दर 0.4 प्रतिशत से 0.6 प्रतिशत के दायरे में रहने की उम्मीद है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट के अनुसार जीएसटी की दरों को युक्तिसंगत बनाने और वैश्विक कमोडिटी कीमतों में कमी से महंगाई नरम बनी हुई है।

**सीपीआई महंगाई दर सितंबर में 8 वर्षों के निचले स्तर पर रही :** भारत की समग्र सीपीआई महंगाई दर सितंबर 2025 में 1.54 प्रतिशत थी और यह 8 साल का निचला स्तर है। यह अगस्त 2025 के 2.07 प्रतिशत से भी कम है। महंगाई में आई इस कमी का मुख्य कारण खाने-पीने की चीजों में कमी आना था। यह जून 2017 के बाद से सबसे कम वार्षिक मुद्रास्फीति दर थी।

बीओबी के आवश्यक वस्तु सूचकांक के अनुसार प्रमुख वस्तुओं की कीमतें अक्तूबर 2025 में लगातार छठे महीने एक सीमित दायरे में बनी रहीं। , सूचकांक में सालाना आधार पर 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई जो इसकी स्थापना के बाद से सबसे तेज गिरावट है। नवंबर में भी गिरावट का रुख जारी है और 6 नवंबर 2025 तक सूचकांक में साल-दर-साल आधार पर 3.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

**टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में गिरावट :** बीओबी की रिपोर्ट के अनुसार सब्जियों जैसे टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में गिरावट दिखी। अक्टूबर में प्याज की कीमतें सालाना आधार पर 51.2 फीसदी गिर गईं और यह दिसंबर 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट है।

## राशिफल

**मेष :** कोर्ट–कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे हो सकते हैं तथा स्थिति सुधरेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभदायक रहेगा।

**वृष :** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कोई कारोबारी बड़ा सौदा हो सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य में सफलता हासिल करेगा। अध्ययन आदि में एकाग्रता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कर्क :** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते काम बिगड़ सकते हैं।

**सिंह :** प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार–व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।

**कन्या :** दूर से उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगा। भूले–बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार–व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है।

**वृश्चिक :** फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर :** कार्यकारी नए काम मिल सकते हैं। योजना फलीभूत होगी। प्रभावशाली लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी संत–महात्मा का आशीर्वाद मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में चैन रहेगा। विवाद से बचें।

**मीन :** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लेन–देन में जल्दबाजी न करें।

## चुटकुले

अब तो घर वाले भी सुबह जल्दी नहीं उठाते वो भी जानते हैं बिस्तर से उठा दिया तो मोबाइल में घुस जाएगा!


---

आजकल बेटियां भी बेटों से कम नहीं है मजाल है घर का कोई काम कर लें!!

---

टीचर– संजू यमुना नदी कहॉ बहती है ?
संजू– जमीन पर
टीचर– नक्शे में बताओं कहॉ बहती है ?
संजू– नक्शे में कैसे बह सकती है, नक्शा गल नहीं जाएगा

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 41 के निगम पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने अपने बेटे चारविक चिंटू के जन्मदिन पर उसे आशीर्वाद दिया और परमपिता परमेश्वर से उसके लिए हर खुशी मांगी। एक पिता ने अपने बेटे के लिए उसके जन्मदिन पर सर्वमंगल सर्वकल्याण और हर खुशी की विशेष कामना की।

# 'जल्द मिलेगी अमेरिका से व्यापार समझौते की खुशखबरी'

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने विश्वास जताया कि इस माह के अंत तक अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर सकारात्मक खबरें आएंगी। अमेरिका के साथ हालात थोड़े मुश्किल रहे हैं। इसे फिर से पटरी पर लाने की कोशिश की जा रही है। व्यापार वाताएं चल रही हैं। सीईओ ने कहा, भारत लगातार विदेशी निवेश आकर्षित कर रहा है। अमेरिकी कंपनियां भारत में वैश्विक क्षमता केंद्र खोल रही हैं। इसका मतलब भारत का मूल आकर्षण बाकी सब चीजों पर भारी पड़ेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट



- जंगली शेर एक दिन में करीब 20 घंटे आराम करते हैं।
- एक तुर्की नीतिवचन कहती है : एक शेर हर बहादुर आदमी के दिल में सोता है।
- क्या आप जानते हैं? दुनिया में असली सिंहों से अधिक तो शेरों की मूर्तियां हैं।
- प्राचीन मिस्रियों ने अपनी ताकत, शक्ति और उग्रता के कारण अपने युद्ध देवताओं के रूप में शेरों को सम्मानित किया। मशहूर स्फिंक्स मिस्र की संस्कृति में शेर के कई पौराणिक चित्रणों में से एक है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की, एक पालतू बिल्ली के काटने की तुलना में एक शेर का काटना 30 गुना अधिक जोरदार होता है।
- शेरनियां, पुरूष शेर की तुलना में बेहतर शिकारी होती हैं और एक अपने शिकार के लिए अधिकांश काम वही करती हैं।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की शेरों की भयानक रात दृष्टि होती है वे मनुष्यों की तुलना में प्रकाश के प्रति 6 गुना अधिक संवेदनशील होते हैं! रात में शिकार करते समय यह उन्हें कुछ शिकार प्रजातियों पर एक विशिष्ट लाभ देता है!
- चूंकि शेर की हड्डियां दुर्लभ होती जा रही हैं, शिकारियों ने एशिया में पारंपरिक चिकित्सा की तीव्र मांगों की आपूर्ति के लिए शेर की हड्डियों की तरफ अपना रुख कर लिया हैं।

## 09 11 2025 करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन



सेलेब्रिटी जन्मदिन: अनु प्रभाकर अभिनेत्री

आरवी सिंह, डिंपल, गीता सचदेवा कपूर, पवन मावी, भाजपा नेता, मनोज शर्मा, व्यवसायी, राकेश स्वामी, कपिल गुप्ता, नवीन शर्मा, प्रदीप गर्ग, राहुल शर्मा, हरेन्द्र सिंह, संजीव त्यागी, चौ. भूप सिंह प्रधान, आकाश सिंघल, विशाल दीक्षित, अमित जिंदल, आलम अंसारी, हर्ष राजपूत, सुमित सेठ, अशोक गर्ग, हर्ष हरी दास, पवन आगरी, हिमांशु दीक्षित, रंजन कुमार सिंह, संदीप कुमार, विकास शर्मा, मोहम्मद रमीज राजा सैफी, जीतेन्द्र गुप्ता, भीम प्रताप सिंह, शारदा नंद मिश्रा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# संजू सैमसन के ट्रेड की चर्चा तेज: चेन्नई के साथ बातचीत जारी

## पर मुश्किल सौदा, RR दुबे-गायकवाड़ की कर रहे मांग



**सैमसन ने कुछ हफ्ते पहले टीम प्रबंधन से ट्रेड या रिलीज किए जाने की औपचारिक मांग की थी**

**मुंबई।** आईपीएल की ट्रेड विंडो शुरू होने से पहले ही भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन के नाम पर अटकलों का बाजार गर्म है। क्या सैमसन को राजस्थान रॉयल्स ने ट्रेड कर दिया है? या फिर कोई बड़ा सौदा करीब है? फिलहाल कुछ तय नहीं, लेकिन चर्चा इतनी तेज है कि आईपीएल सर्कल में सिर्फ एक ही नाम गूंज रहा है- संजू सैमसन।

### फ्रेंचाइजियों को भेजे गए प्रस्ताव

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, सैमसन ने कुछ हफ्ते पहले टीम प्रबंधन से ट्रेड या रिलीज किए जाने की औपचारिक मांग की थी। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स के प्रमुख मालिक मनोज बदले ने खुद कई फ्रेंचाइजियों से संपर्क साधा है। जानकारी के मुताबिक, बदले ने कई टीमों को पत्र लिखकर पूछा है कि क्या वे सैमसन को अपनी टीम में शामिल करने में रुचि रखते हैं। इन पत्रों में कुछ संभावित प्लेयर-टू-प्लेयर एक्सचेंज के प्रस्ताव भी दिए गए हैं।

### चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बातचीत

हाल के दिनों में यह चर्चा भी जोरों पर है कि चेन्नई सुपर किंग्स (उरङ) सैमसन में दिलचस्पी ले सकती है। लेकिन अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, राजस्थान ने रवींद्र जडेजा या ऋतुराज गायकवाड़ जैसे खिलाड़ियों की मांग की है, जो सीएसके के लिए लगभग डील ब्रेकर साबित हुई।

इसके अलावा, शिवम दुबे का नाम भी संभावित एक्सचेंज के रूप में सामने आया, लेकिन चेन्नई मैनेजमेंट ने उसे भी खारिज कर दिया। सीएसके फिलहाल किसी भी मुख्य खिलाड़ी को रिलीज करने के मूड में नहीं दिखती। ऐसे में सैमसन का चेन्नई जाना फिलहाल असंभव माना जा रहा है, जब तक कि कोई बड़ा नेगोशिएशन या ऑक्शन का रास्ता न खुले।

### अन्य फ्रेंचाइजियों में बढ़ी दिलचस्पी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई अन्य टीमें भी सैमसन की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। संभव है कि इनमें से कोई टीम ट्रेड के जरिए उन्हें अपने साथ जोड़ ले। हालांकि, यह भी संभव है कि अगर कोई ठोस ऑफर नहीं मिला तो संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स के साथ ही बने रहें। आईपीएल नियमों के मुताबिक, खिलाड़ी सिर्फ अनुरोध कर सकता है, अंतिम निर्णय फ्रेंचाइजी प्रबंधन का होता है।

### जोस बटलर विवाद और मतभेद की वजहें

सूत्रों के मुताबिक, सैमसन और आरआर प्रबंधन के बीच मतभेद की एक बड़ी वजह रही जोस बटलर का रिलीज होना। टीम ने पिछले सीजन से पहले बटलर को छोड़ दिया था, जबकि सैमसन उसे बनाए रखना चाहते थे। सैमसन ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा था, 'बटलर को जाने देना मेरे लिए सबसे मुश्किल फैसला था। इंग्लैंड सीरीज के दौरान मैंने उनसे डिनर पर कहा कि मैं अब भी इस फैसले से उबर नहीं पाया हूं। अगर मैं कुछ बदल सकता, तो वह होता- हर तीन साल में खिलाड़ियों को रिलीज करने का नियम।' इस बयान से यह साफ था कि कप्तान इस निर्णय से भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ था।

### 'रॉयल्स परिवार' के प्रति सम्मान बरकरार

हालांकि मतभेदों के बावजूद सैमसन ने हमेशा अपने वक्तव्यों में शालीनता बनाए रखी। एक पॉडकास्ट में उन्होंने रविचंद्रन अश्विन से कहा था कि 'राजस्थान रॉयल्स मेरे लिए दुनिया जैसा है। उन्होंने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की भी तारीफ की, जिसने टीम में उन्हें टॉप ऑर्डर से रिप्लेस किया था।

# ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी आईओसी अध्यक्ष बोलीं- इससे भारत के साथ रिश्ते मजबूत होंगे



**नई दिल्ली।** आईओसी की अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने शुक्रवार को कहा कि ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट की वापसी से भारत और ओलंपिक आंदोलन के बीच संबंध और मजबूत होंगे।अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने शुक्रवार को कहा कि ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट की वापसी से भारत और ओलंपिक आंदोलन के बीच संबंध और मजबूत होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में इस खेल के शामिल होने से भारतीय दर्शकों की दिलचस्पी और बढ़ेगी।

कोवेंट्री ने कहा, 'लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की वापसी से यह रिश्ता और मजबूत होगा, जिससे खेलों का जादू भारतीय प्रशंसकों के दिलों के और भी करीब पहुंचेगा।' पूर्व तैराक और सात बार की ओलंपिक पदक विजेता कोवेंट्री ने यह भी बताया कि आईओसी वर्तमान में भारत में ओलंपिक प्रसारण अधिकारों के लिए मीडिया साझेदार चुनने की प्रक्रिया में है। हमारा लक्ष्य इस असाधारण देश के हर कोने में ओलंपिक खेलों का जादू पहुंचाने के लिए सही साझेदार ढूंढना है।'

**128 साल बाद होगी क्रिकेट की वापसी**

कोवेंट्री ने आगे कहा कि भारत के पास भविष्य को लेकर आत्मविश्वास से आगे बढ़ने के कई कारण हैं। गौरतलब है कि भारत ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए आधिकारिक बोली पेश की है, जिसमें अहमदाबाद को संभावित मेजबान शहर के रूप में प्रस्तावित किया गया है।

# भारत को जल्द मिलेगी एशिया कप ट्रॉफी

## बीसीसीआई और नकवी विवाद सुलझाने के लिए सहमत



**एशिया कप 2025 की विजेता भारतीय टीम को जल्द ही उसकी ट्रॉफी मिलने की संभावना है, क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी के बीच विवाद सुलझ गया है।**

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 की विजेता भारतीय टीम को जल्द ही उसकी ट्रॉफी मिलने की संभावना है, क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी के बीच विवाद सुलझ गया है। इसकी जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दी। उन्होंने कहा, बीसीसीआई और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का संकल्प लिया है।

**अन्य विकल्पों पर किया जाएगा विचार:** सैकिया ने आगे कहा, 'आईसीसी बैठक से इतर नकवी के साथ अच्छी बातचीत हुई, दोनों पक्ष जल्द से जल्द इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कोई न कोई रास्ता निकालेंगे।' उन्होंने बताया, 'बातचीत खत्म हो गई है, अब विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जाएगा।'

**जल्द निकलेगा समाधान**

सैकिया ने कहा, 'मैं आईसीसी की अनौपचारिक और औपचारिक दोनों बैठकों का हिस्सा था। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी भी मौजूद थे। औपचारिक बैठक के दौरान यह एजेंडा में नहीं था, लेकिन आईसीसी ने एक वरिष्ठ आईसीसी पदाधिकारी और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी में मेरी और पीसीबी प्रमुख के बीच अलग से बैठक कराई।

**ट्रॉफी विवाद की जड़:** विवाद की शुरूआत एशिया कप 2025 के फाइनल के बाद हुई, जब पीसीबी के प्रमुख मोहसिन नकवी ने विजेता भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को ट्रॉफी देने की कोशिश की। लेकिन सूर्यकुमार ने ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया।

टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, सूर्यकुमार ने नकवी से ट्रॉफी स्वीकार नहीं की क्योंकि नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और भारत में आतंकवाद को समर्थन देने में उनकी भूमिका को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इस पर नकवी ने कहा कि एसीसी के अध्यक्ष होने के नाते ट्रॉफी देने का अधिकार केवल उन्हीं को है।

इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने ट्रॉफी लिए बिना ही मजाकिया अंदाज में 'काल्पनिक ट्रॉफी' उठाकर अपने साथियों के साथ जश्न मनाया। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, 'सूर्यकुमार ने असली ट्रॉफी लेने से मना कर दिया और अपने साथियों के साथ नकली ट्रॉफी पकड़कर जश्न मनाया, जिससे पीसीबी और एसीसी प्रमुख दोनों नाराज हो गए।'

**दुबई में ट्रॉफी लेने से किया इनकार:** मोहसिन नकवी ने बाद में बीसीसीआई को 10 नवंबर को दुबई में एक समारोह में ट्रॉफी लेने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन बीसीसीआई ने इसे ठुकरा दिया। इसके बाद भारतीय बोर्ड ने इस पूरे मुद्दे को आईसीसी बोर्ड मीटिंग के दौरान औपचारिक रूप से उठाया, जिसमें नकवी भी शामिल हुए।

# लगातार तीसरा मैच हारा भारत




**भारतीय टीम पूल सी में कुवैत और पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर रही। वहीं, बाउल राउंड में यूएई और नेपाल से हार के बाद भारतीय टीम चौथे स्थान पर है। अब उसका मुकाबला बाउल राउंड के आखिरी मैच में नौ नवंबर को श्रीलंका से है।**

## कुवैत के बाद यूएई-नेपाल से भी मिली शिकस्त



**मॉन्ग कॉक।** हॉन्गकॉन्ग सिक्सेट टूनामेंट में आज भारत को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप स्टेज के पूल सी में कुवैत से हारने के बाद टीम इंडिया को बाउल राउंड में यूएई और नेपाल से भी शिकस्त मिली है।

कुवैत से हार के बाद भारत पहले ही क्वार्टर फाइनल राउंड में नहीं पहुंच पाया था, अब बाउल राउंड में हार ने प्रदर्शन पर सवाल खड़े किए हैं। इससे पहले टीम इंडिया ने ग्रुप स्टेज के अपने पहले मुकाबले में पूल-सी के मैच में पाकिस्तान को डकवर्थ लुईस नियम के तहत दो रन से हराया था। भारतीय टीम पूल सी में कुवैत और पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर रही। वहीं, बाउल राउंड में यूएई और नेपाल से हार के बाद भारतीय टीम चौथे स्थान पर है। अब उसका मुकाबला बाउल राउंड के आखिरी मैच में नौ नवंबर को श्रीलंका से है।

### कुवैत से मैच का नतीजा

कुवैत ने पूल सी के मुकाबले में भारत को 27 रन से हराया था। भारतीय टीम की गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों फ्लॉप रही। कुवैत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में पांच विकेट गंवाकर 106 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 5.4 ओवर में छह विकेट पर 79 रन ही बना सकी। कुल 12 टीमें खेल रही हैं और तीन-तीन टीमों के चार ग्रुप्स बनाए गए थे। हर ग्रुप से तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को एक अलग ग्रुप बाउल में रखा गया, जबकि शीर्ष की दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं।

क्वार्टर फाइनल के बाद, प्रतियोगिता नॉकआउट चरण में प्रवेश करेगी, जिसमें मुख्य फाइनल, प्लेट फाइनल और बाउल फाइनल जैसे विभिन्न स्तर हैं, ताकि सभी टीमों के बीच मुकाबले जारी रहे।

### भारत की पारी

| बल्लेबाज | रन | गेंदें | चौके | छक्के | स्ट्राइक रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| चिप्ली | 4 | 4 | 1 | 0 | 100.00 |
| पंचाल | 0 | 1 | 0 | 0 | 0.00 |
| बिन्नी | 0 | 1 | 0 | 0 | 0.00 |
| मिथुन | 50 | 16 | 4 | 5 | 312.50 |
| कार्तिक (कप्तान) | 42 | 14 | 4 | 4 | 300.00 |
| नदीम | 5 | 2 | 1 | 0 | 250.00 |
| एक्सट्रा | 6 | | | | |
| कुल | 107/3 | (6 ओवर) | | | रन रेट: 17.83 |

### गेंदबाजी (यूएई)

| गेंदबाज | ओवर | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| निलांश केसवानी | 2 | 11 | 2 |
| अंश तंडन | 1 | 14 | 1 |
| जाहिद अली | 1 | 26 | 0 |
| मुहम्मद अरफान | 1 | 28 | 0 |
| साघिर खान | 1 | 28 | 0 |

### भारत की पारी बनाम यूएई

यूएई के खिलाफ बाउल राउंड के पहले मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी की और छह ओवर में तीन विकेट गंवाकर 107 रन बनाए। भरत चिप्ली चार रन बना सके। वहीं, प्रियांक पंचाल और स्टुअर्ट बिन्नी खाता नहीं खोल सके। अभिमन्यु मिथुन ने 16 गेंद पर चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 50 रन की पारी खेली।

## पहले ही दिन रविंदर सिंह ने रचा इतिहास

# 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के बिश्नाह कस्बे से ताल्लुक रखने वाले 29 वर्षीय रविंदर ने कुल 569 अंक बनाकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। दक्षिण कोरिया के किम चेयोंगयोंग ने 556 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि एंटोन एरिस्टारखोव ने समान अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

भारत के अनुभवी निशानेबाज रविंदर सिंह ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) के पहले ही दिन देश का नाम रोशन कर दिया। उन्होंने 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता, जबकि टीम इवेंट में भारत ने रजत पदक हासिल किया।

### रविंदर ने जीता स्वर्ण

जम्मू-कश्मीर के बिश्नाह कस्बे से ताल्लुक रखने वाले 29 वर्षीय रविंदर ने कुल 569 अंक बनाकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। दक्षिण कोरिया के किम चेयोंगयोंग ने 556 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि एंटोन एरिस्टारखोव ने समान अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। रविंदर ने शुरूआत में 93 अंक से खेल की शुरूआत की, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे के राउंड में 98, 94, 95, 93 और 96 का स्कोर किया, जिससे उनका कुल स्कोर 569 पर पहुंचा। इस स्पर्धा में कुल 47 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया।

### टीम इवेंट में जीता रजत

टीम इवेंट में भारत के रविंदर (569), कमलजीत (540) और योगेश कुमार (537) ने मिलकर 1646 अंक जुटाए और रजत पदक जीता। दक्षिण कोरिया ने 1648 अंकों के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि यूक्रेन ने 1644 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। यह रविंदर सिंह के करियर की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले उन्होंने 2023 में बाकू में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। इस साल उन्होंने नेशनल गेम्स में भी 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया था।

# जब श्रीनाथ पर भड़क गए थे वेंगसरकर, दे डाली थी चुनौती; फिर मैदान पर मिला जवाब



**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाजों की बात हो और जवागल श्रीनाथ का नाम न आए, ऐसा संभव नहीं। उनकी रॉ पेस यानी रफ्तार ने बल्लेबाजों को अक्सर परेशान किया। पूर्व भारतीय स्पिनर वेंकटपथी राजू ने श्रीनाथ की इसी गेंदबाजी गति से जुड़ी एक पुरानी और दिलचस्प कहानी साझा की है।

राजू ने बताया कि जब श्रीनाथ पहली बार भारतीय टीम के साथ नेट्स पर आए थे, तब टीम इंग्लैंड दौरे की तैयारी कर रही थी। उस समय मनोज प्रभाकर स्विंग बॉलर थे, चेतन शर्मा भी तेज थे, लेकिन श्रीनाथ की गति सबसे अलग थी। नेट्स में अभ्यास के दौरान उन्होंने एक शॉर्ट-पिच गेंद फेंकी जो दिलीप वेंगसरकर के पास तक पहुंचते-पहुंचते इतनी तेज थी कि वे चौंक गए। राजू ने बताया, 'श्रीनाथ ने एक शॉर्ट-पिच बॉल फेंकी, दिलीप भाई ने बैट गिरा दिया और गुस्से में बोले- मैच में आ के दिखा।'

**देवधर ट्रॉफी में हुआ असली सामना**

इसके कुछ समय बाद, देवधर ट्रॉफी के एक मैच में दोनों आमने-सामने हुए। श्रीनाथ बोर्ड प्रेसिडेंट इलेवन की ओर से खेल रहे थे और वेंगसरकर विपक्षी टीम में थे। उस मैच में श्रीनाथ के कप्तान रवि शास्त्री थे। शास्त्री ने श्रीनाथ को याद दिलाया कि वेंगसरकर ने उन्हें चुनौती दी थी।

राजू ने बताया, 'जब वेंगसरकर बल्लेबाजी करने आए, तो शास्त्री ने श्रीनाथ से कहा- याद है, दिलीप ने क्या कहा था? पहली गेंद बाउंसर डालनी। श्रीनाथ ने वैसा ही किया और वेंगसरकर ने फिर बैट गिरा दिया। वे बोले- बहुत तेज डालता है।'

यहीं से श्रीनाथ की तेज गेंदबाजी की पहचान बनी। उस दौर में भारतीय क्रिकेट में कोई और गेंदबाज इतनी गति से नहीं फेंकता था।

**'देश के लिए सब कुछ दिया'**

वेंकटपथी राजू ने आगे कहा कि श्रीनाथ को उतनी पहचान नहीं मिली जितनी वे डिजर्व करते थे, जबकि उन्होंने भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी लगता है, श्रीनाथ को भी वही पहचान मिलनी चाहिए थी।

# सैमसन की होगी वापसी, आखिरी मैच में बुमराह को मिलेगा आराम?

## संभावित प्लेइंग 11 और लाइव स्ट्रीमिंग

**सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत पांचवां और आखिरी मुकाबला ब्रिस्बेन में खेलने उतरेगा। यह मैच जीतकर भारत का लक्ष्य सीरीज 3-1 से अपने नाम करने का होगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया बराबरी हासिल करने की कोशिश करेगा।**




**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में टीम इंडिया 2-1 की अजेय बढ़त बना चुकी है। अब शनिवार को सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत पांचवां और आखिरी मुकाबला ब्रिस्बेन में खेलने उतरेगा। यह मैच जीतकर भारत का लक्ष्य सीरीज 3-1 से अपने नाम करने का होगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया बराबरी हासिल करने की कोशिश करेगा।

**संजू को मिलेगा मौका? गिल पर रहेंगी नजरें:** टीम इंडिया इस मैच में कुछ बदलाव कर सकती है। विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की वापसी लगभग तय मानी जा रही है। वह जितेश शर्मा की जगह टीम में आ सकते हैं, जिन्होंने पिछले दो मैचों में क्रमशः 22* और 3 रन बनाए थे। मैच में सबसे ज्यादा नजरें शुभमन गिल और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी पर होंगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले भारत की स्पिन चुनौती का डटकर सामना करना चाहेगा। भारतीय टीम ने पिछले मैच में बेहतर रणनीतिक सूझबूझ दिखाई थी और कैरारा की मुश्किल पिच पर बल्लेबाजों ने अच्छा तालमेल बिठाया था। गिल ने टीम को शानदार शुरूआत दिलाई थी जिससे भारत 14 ओवर में दो विकेट पर 121 रन के स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में था। टीम ने हालांकि इसके बाद 15 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे।


उपकप्तान गिल ने सात पारियों से अर्धशतक नहीं लगाया है लेकिन पिछले मैच में 46 रन के साथ उन्होंने ने लय में वापसी का संकेत दिया था। सूर्यकुमार ने सीरीज में कुछ शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन अपनी शुरूआत को बड़ी पारी में बदलने में उन्हें संघर्ष करना पड़ा है। अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली सीरीज से पहले कप्तान से और अधिक आजादी के साथ बल्लेबाजी कर मिसाल कायम करने की उम्मीद होगी।

**तिलक पर रहेंगी निगाहें:** तिलक वर्मा भी इस सीरीज में अभी तक अपनी लय नहीं पकड़ पाए हैं, उन्होंने अपने पिछले तीन मैचों में 0, 29 और पांच रन बनाए हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा पर भी दबाव होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में उन्होंने अनुभवी संजू सैमसन पर तरजीह मिलने के बाद कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ा है। अभिषेक शर्मा ने दुनिया के शीर्ष टी20 बल्लेबाज के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को बरकरार रखते हुए एक तेज अर्धशतकीय पारी खेली और एक अन्य मैच में टीम को आक्रामक शुरूआत दिलाई। भारत का निचला क्रम भी प्रभावी रहा है। अक्षर पटेल ने पिछले मैच में 11 गेंदों में नाबाद 21 रनों की पारी खेली थी। सातवें और आठवें नंबर पर हरफनमौला खिलाड़ियों की मौजूदगी ने टीम को मजबूती प्रदान की है।

**वरुण, अक्षर और सुंदर पड़े ऑस्ट्रेलिया पर भारी:** अर्शदीप सिंह ने गेंदबाजी में एक बार फिर भारत के लिए अपनी उपयोगिता साबित की है, उन्होंने चार विकेट लिए हैं और जसप्रीत बुमराह के साथ नयी गेंद से प्रभावी जोड़ी बनाई है। कुलदीप यादव की अनुपस्थिति के बावजूद वरुण, अक्षर और वाशिंगटन की स्पिन तिकड़ी भारत की एक बड़ी ताकत रही है। शिवम दुबे और वाशिंगटन दोनों ने बल्ले और गेंद से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

दुबे की 23 गेंदों में 49 रनों की पारी ने तीसरे टी20 को भारत के पक्ष में मोड़ दिया था वहीं चौथे मैच में वाशिंगटन के तीन रन पर तीन विकेट से भारत ने मुकाबला को जल्दी खत्म करने में सफल रही। दुबे ने इस मैच में भी 22 गेंदों में 18 रन भी बनाए और दो विकेट भी लिए।

**ऑस्ट्रेलिया की नजरें सीरीज बराबरी पर:** पिछले टी20 मैच में बेहतरीन स्पिन गेंदबाजों के सामने ऑस्ट्रेलिया की कलई एक बार फिर खुल गयी थी। वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर ने मिलकर कैरारा ओवल में 10 ओवर से कम में छह विकेट लिए। टीम की बल्लेबाजी कप्तान मिचेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस और टिम डेविड पर काफी हद तक निर्भर रही है।






## भाजपा की शक्ति बूथ से आती है, प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़ना चाहिए: कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान को और अधिक प्रभावी एवं संगठित रूप में चलाने हेतु आज मधुबन पार्टी लॉन, कनावानी पुलिया, इंदिरापुरम में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बूथ स्तर पर संगठनात्मक सक्रियता, नए मतदाताओं तक पहुँच तथा दस्तावेजी प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता आदरणीय हिमांशु मित्तल ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण लोकतांत्रिक सहभागिता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर विधायक व कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन अपनी शक्ति बूथ से प्राप्त करता है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में जुड़े और कोई भी छूटने न पाए। यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक राजनीतिक जागरूकता का संकल्प है। उन्होंने कार्यकताओं से घर-घर संपर्क अभियान को सशक्त रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यशाला में मौजूद मंडल अध्यक्षों, बीएलओ 2 जिम्मेदार पदाधिकारियों एवं बूथ संयोजकों से संवाद करते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने नियमित समीक्षा, समयबद्ध दस्तावेजी कार्य और जनसंपर्क को बूथ प्रबंधन की प्राथमिकता बताया। इस अवसर पर महामंत्री राजेश त्यागी, संजीव झा, पंकज भारद्वाज, देवेंद्र गिरी, संदीप चौधरी, संजय रावत, मनोज गोयल, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, विधानसभा संयोजक धीरज अग्रवाल प्रवीण नागर, सहित पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष, महानगर पदाधिकारी , कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शालीमार गार्डन जनकल्याण समिति ने सांसद अतुल गर्ग से की मुलाकात, फ्लाईओवर बनाने की मांग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन जनकल्याण समिति का प्रतिनिधिमंडल ने सांसद अतुल गर्ग के आवास पर मुलाकात की और वजीराबाद - मोहन नगर संपर्क मार्ग पर भोपुरा तिराहे एवं हिंडन एयरपोर्ट कट तक एक फ्लाईओवर बनाने की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की।

सांसद अतुल गर्ग को अवगत कराया गया कि जहां दिल्ली यूपी बार्डर पर मंडोली जेल तक दिल्ली सरकार ने फ्लाईओवर का जाल बिछाकर ट्रैफिक को सिग्नल फ्री कर दिया है, वहीं गाजियाबाद साईड में वजीराबाद - मोहन नगर लिंक मार्ग पर भोपुरा तिराहे पर पूरे साल यातायात जाम की समस्या बनी रहती है, जिसके चलते घंटों ट्रैफिक जाम रहता है। हिंडन सिविल एयरपोर्ट पर जाने वाले यात्री कई दफे इस जाम में फंस कर अपनी फ्लाईट भी मिस कर देते हैं।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि एयरपोर्ट आरंभ होने के पश्चात यहां रोजाना लगभग 5 हजार गाड़ियों का आना जाना रहता है। संपर्क मार्ग के दोनों तरफ घनी आबादी की बस्तियां भी स्थित हैं। इसलिए फ्लाईओवर होने से निश्चित रूप से ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने जिलाधिकारी गाजियाबाद और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र लिख कर इस पर शीघ्र कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी को निर्देश भी दिए कि इस विषय को आगामी जिला विकास परिषद बैठक की सूची में भी रखें।

## रेड जोन में हापुड़, शहरवासियों का सांस लेना दुश्वार

**हापुड़ करंट क्राइम।** फिर से एक्यूआई 80 अंक की उछाल मार गया है। एक बारगी को हापुड़ का एक्यूआई 360 जा पहुंचा। हापुड़ समेत एनसीआर प्रदूषण की मोटी चादर में लिपट गया है। स्मॉग इतना ज्यादा हो गया है कि सांस लेना तक दूभर हो चुका है। लोग गले में खराश और आंखों में जलन की शिकायत कर रहे हैं। एनसीआर में पीएम 2.5 के साथ-साथ पीएम 10 का स्तर भी काफी ज्यादा बढ़ चुका है। हापुड़ में एक्यूआई का लेवल बेहद खतरनाक श्रेणी में बना हुआ था। जहां पछले पांच दिन से एक्यूआई 250 से 300 के बीच चल रहा था। वहीं शनिवार को एक्यूआई 358 पर जा पहुंचा। दोपहर के समय हवा में प्रदूषण का सूचकांक 477 तक जा पहुंचा था। शहर में एक आवासीय कालोनी में खाली पड़े प्लाट में आग जला रखी थी। पूरे मोहल्ले में धुआं धुआं हो रहा था। एक स्थान पर लग रहे अलग अलग कोल्हू चल रहे थे।

## स्वास्थ्य जांच शिविर में 70 लोगों ने करवाई जांच




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इंदिरापुरम द्वारा शनिवार को संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत मुफ्त एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्तचाप, शुगर, मौसमी बिमारियों की जागरूकता एवं निदान हेतु स्वास्थ्य विभाग मकनपुर प्रभारी डॉ. स्मृति शर्मा द्वारा जांच की गई।

शिविर में लगभग 70 लोगों ने जांच करवाई और वंचित जरूरत मंदों को विटामिन, कैल्शियम, सर्दी जुकाम बुखार की दवा भी वितरण की गई। इस अवसर पर देवेन्द्र, सुधीर, नर्स करूणा मौजूद रही।

परिषद से शाखा संयोजक अरूण शर्मा, अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी, सचिव रिचा वालिया, सेवा संयोजिका निशा मित्तल, सांस्कृतिक प्रभारी माधवी शर्मा, वरिष्ठ सदस्या विनिता वाजपेयी, अजेय वालिया, ए के गुप्ता, विश्वबंधु गुप्ता आदि सहयोगी रूप में रहे। प्रांतीय सेवा संयोजक हेमंत कुमार वाजपेयी ने स्वास्थ्य विभाग को धन्यवाद दिया।

## मोदीनगर इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्री में आग से दो मजदूर झुलसे






**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सिखेड़ा रोड स्थित एम.आर. शॉप इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार दोपहर एक फैक्ट्री में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन मोदीनगर की टीम दो फायर टैंकरों के साथ मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आग संजय गुप्ता निवासी तेल मिल गेट मोदीनगर की खल से तेल निकालने वाली फैक्ट्री में लगी थी। आग फैक्ट्री के बॉयलर सेक्शन में भड़की थी, जिसे फायर यूनिट ने प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में दो होज पाइप लाइन लगाकर पूरी तरह से बुझा दिया। सीएफओ राहुल पाल के अनुसार, फायर यूनिट के पहुंचने से पहले ही दो मजदूर हीट की चपेट में आकर झुलस गए थे। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जीवन हॉस्पिटल मोदीनगर भेजा गया।

घायलों की पहचान इस प्रकार हुई– अरविंद (30 वर्ष) पुत्र मन्नू, निवासी समस्तीपुर, बिहार – हालत गंभीर होने पर मेरठ रेफर किया गया। जोगिंदर पासवान (47 वर्ष) पुत्र जगदीप पासवान, निवासी बेगूसराय, बिहार – जीवन हॉस्पिटल मोदीनगर में उपचाराधीन हैं। राहुल पाल ने बताया कि समय रहते फायर सर्विस टीम ने आग पर नियंत्रण पा लिया, जिससे बड़ी क्षति होने से बच गई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद में 14 अपराधी घोषित गुंडे

# 6 माह के लिए जिले से निष्कासित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 14 शातिर अपराधियों को गुंडा एक्ट के तहत गुंडा घोषित किया है। इन सभी को 6 माह के लिए जिले की सीमाओं से बाहर (मिला बदर) किया गया है। ये आदेश पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था/यातायात) द्वारा 6 नवंबर 2025 को पारित किए गए।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, ये सभी आरोपी लंबे समय से चोरी, लूट, झपटमारी, डकैती, महिलाओं से छेड़छाड़, बलात्कार, अवैध हथियार रखने, हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त थे। कई मामलों में इन पर एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम और गौवध निवारण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है।

अधिकारियों का कहना है कि इन अपराधियों के कारण क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल था, जिससे आम नागरिक इनके खिलाफ गवाही देने या शिकायत करने से डरते थे। इन पर कार्रवाई के बाद पुलिस को विश्वास है कि अब क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बेहतर होगी।

**जिले के विभिन्न थानों से गुंडा घोषित अपराधी :** इन पर लूट, डकैती, अवैध हथियार, नशे का कारोबार, और महिलाओं से संबंधित गंभीर अपराधों के कई मामले दर्ज हैं।

**पुलिस आयुक्तालय की बड़ी कार्रवाई :** गाजियाबाद पुलिस आयुक्तालय ने वर्ष 2025 में अब तक कुल 143 अपराधियों को गुंडा घोषित कर 6 माह के लिए जिले से बाहर किया है। इसके अलावा 85 अपराधियों को थानों में हाजिरी देने के आदेश जारी किए गए हैं।

**कमिश्नरेट का सख्त संदेश :** कमिश्नरेट प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। जो भी व्यक्ति समाज में भय फैलाने या कानून तोड़ने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ इसी तरह की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईआर और रन फॉर यूनिटी को लेकर कार्यशाला

**हापुड़ करंट क्राइम।** दिल्ली रोड पर प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर हुई मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान एवं रन फॉर यूनिटी की कार्यशाला का आयोजनकिया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने एसआईआर पर संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता गहन प्रशिक्षण अभियान बहुत ही आवश्यक अभियान है जो कि लगभग 23 वर्ष बाद दोबारा होने जा रहा है । इसमें सभी कार्यकताओं को बहुत ही मनोयोग के साथ लगना है व संबंधित दस्तावेज के साथ बीएलओ से मिलकर के अपने एवं अपने क्षेत्र के सभी लोगों की वोट बनवानी है । यह सुनिश्चित कर ले की बीएलओ सही प्रकार से अपना कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं । यदि कहीं कोई कार्य में लचीलापन पाया जाए तो संबंधित अधिकारी व अभियान से जुड़े पार्टी पदाधिकारियों को जानकारी दी। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक निश्चित किलोमीटर पार्टी द्वारा तय किए गए हैं। जिसमें 5000 से अधिक की संख्या अवश्य रहनी चाहिए ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एस आई आर कार्यक्रम के संयोजक श्यामेंद्र त्यागी ने की । इस अवसर पर जिला महामंत्री पुनीत गोयल, मोहन सिंह, राजीव सिरोही, प्रफुल्ल सारस्वत, सुमित पार्चा, जतिन साहनी, जय भगवान शर्मा, अजय भास्कर, नितिन पाराशर, उमेश यादव, महिपाल सिंह, रवि खटीक, अमित सिवाल, मनोज चौधरी, कपिल सिंघल, कनिक केहर, रवि शर्मा, सोनू प्रधान, कंचन व जिला मीडिया प्रभारी एवं एस आई आर विधानसभा संयोजक सुयश वशिष्ठ मौजूद रहे।

## नोएडा में पत्नी से अवैध संबंध के शक में पड़ोसी की हत्या, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे





**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा के फेज दो थाना क्षेत्र के याकूबपुर गांव में शनिवार सुबह एक फैक्ट्री कर्मचारी ने पड़ोसी युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को घटना के आठ घंटे के भीतर पकड़कर जेल भेज दिया। हत्या में प्रयुक्त चाकू और खून से सनी जैकेट भी बरामद की गई।

मूल रूप से पीलीभीत के गागोपुर गांव का रहने वाला सोनू, याकूबपुर में अपनी पत्नी के साथ किराए पर रहता था और एक फैक्ट्री में कार्यरत था। पड़ोसी और 22 वर्षीय रिक्शा चालक गोलू के साथ सोनू के रिश्ते में तनातनी तब शुरू हुई जब सोनू ने पत्नी के मोबाइल में गोलू के कथित आपत्तिजनक मैसेज और कॉल देखे। डांटने के बाद भी गोलू ने फोन और मैसेज करना बंद नहीं किया।

### समझाने गया था युवक

शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे, सोनू गोलू को मकान खाली करने के लिए समझाने गया। दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और गुस्से में सोनू ने गोलू के पेट, छाती और सिर में तीन बार चाकू से वार कर दिया। घायल हालत में गोलू को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

Sachin Soni is with Arun Chaudhary B... and Arvind Balyan.
1m ·

छोटे भाई अरुण चौधरी (भुल्लन) जी जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय जाट महासभा एवं भाई अरविन्द बालियान जी आपके द्वारा प्रेषित शुभकामनाओं से दीपावली एवं गुरुनानक जयंती महापर्व शान्ति पूर्वक सम्पूर्ण हो गए है।
आप भाईओ से विन्रम निवेदन है की दिशा सूचक बोर्ड पर लगे होर्डिंग को अब हटवा लो जिससे की रहिसपुर गाँव पुलिया, गोविन्दपुरम ओर हापुड़ जाने वाले यात्री दिशा भृमित न हो 🙏
#सचिनसोनी
#highlight




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के सचिन सोनी और रालोद के अरुण चौधरी भुल्लन वैसे तो आपस में दोस्त हैं मगर जो बात आपस में कही जा सकती है उस बात को सचिन सोनी ने फेसबुक पर साझा किया। नेविगेशन के जमाने में दिशा सूचक बोर्ड का महत्व समझाया। सचिन सोनी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# नोएडा में महिला का बिना सिर का शव मिलने से हड़कंप

## जांच के लिए 10 विशेष टीमें गठित की



### पुलिस ने जांच में स्थानीय लोगों से मांगी मदद

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि किसी ने इलाके में किसी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन को आते-जाते देखा है तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए जांच तेज कर दी है और सभी संभावित सुरागों की जांच जारी है। स्थानीय प्रशासन ने भी क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है ताकि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके और मामले का खुलासा हो।

**नई दिल्ली।** नोएडा के सेक्टर-82 कट के पास एक नाले में मिली महिला के बिना सिर का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस अब तक हत्या के वास्तविक स्थल और शव को यहां लाए जाने के पीछे का कोई स्पष्ट सुराग नहीं जुटा पाई है।

गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने इस गंभीर मामले की जांच के लिए 10 विशेष टीमें गठित की हैं। ये टीमें लगातार सबूत एकत्र करने और जांच को तेज करने में जुटी हैं। अधिकारियों के अनुसार, अब तक 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा चुकी हैं। जांच का दायरा घटनास्थल से तीन दिन पहले तक बढ़ाया गया है, ताकि किसी संदिग्ध की गतिविधियों का पता लगाया जा सके।

### महिला की पहचान करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

जानकारी के अनुसार, महिला की पहचान कराना सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। सिर न होने के कारण डेड बॉडी की पहचान कराने में पुलिस को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के जिलों से गुमशुदगी की रिपोर्ट भी मंगवाई जा रही है, साथ ही पड़ोसी जिलों की पुलिस से भी तालमेल बैठाया जा रहा है, ताकि किसी भी लापता महिला की शिकायत इस घटना से मेल खा सके।

### महिला के सिर की तलाश में शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन

महिला के सिर की तलाश के लिए पुलिस ने घटनास्थल के तीन किलोमीटर के दायरे में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया। नाले, आसपास के झाड़ियां, खाली प्लॉट्स, नदी किनारे और रास्तों पर तलाशी अभियान जारी रहा, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर सैंपल इकट्ठा कर चुकी है। पुलिस इस मामले को हत्या मानकर आगे बढ़ रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जांच में यह भी आशंका जताई जा रही है कि अपराध किसी और जगह पर हुआ। घटना के बाद शव को सबूत मिटाने के लिए यहां फेंका गया। पुलिस यह भी देख रही है कि यह हत्या व्यक्तिगत विवाद, घरेलू हिंसा या अवैध संबंध से जुड़ी हो सकती है।

# 'वह आपको कभी निराश नहीं करेंगे', ट्रंप ने ओहायो गवर्नर के लिए किया भारतवंशी विवेक का किया समर्थन

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ओहायो के गवर्नर पद के लिए भारतीय मूल के कारोबारी विवेक रामास्वामी का समर्थन कर दिया है। ट्रंप ने विवेक रामास्वामी की बुद्धिमत्ता, ताकत और कंजर्वेटिव वैल्यू को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की तारीफ करते हुए कहा कि विवेक एक युवा, मजबूत और समझदार नेता हैं, जो सचमुच हमारे देश से प्यार करते हैं।

दरअसल, विवेक रामास्वामी ट्रंप की अक्सर तारीफ करते रहते हैं। अब वो ओहायो गवर्नर की रेस में हैं। इस दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने उनका समर्थन किया है। ट्रंप ने इनके नेतृत्व करने की क्षमता पर पूरा भरोसा जताया और उन्हें एक विशेष उम्मीदवार बताया।

ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में, ट्रंप ने कहा, विवेक रामास्वामी महान राज्य ओहायो के गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, एक ऐसी जगह जिसे मैं प्यार करता हूं और जहां मैंने 2016, 2020 और 2024 में तीन बार बड़ी जीत हासिल की है। मैं विवेक को अच्छी तरह जानता हूं, उनके खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर चुका हूं, और वह वाकई खास हैं। वह युवा, मजबूत और होशियार हैं। विवेक एक बहुत अच्छे इंसान भी हैं, जो हमारे देश से सच्चा प्यार करते हैं।



### रामास्वामी ओहायो के एक महान गवर्नर होंगे

ट्रंप ने आगे कहा कि विवेक रामास्वामी ओहायो के एक महान गवर्नर होंगे, और मेरा पूरा समर्थन है – वह आपको कभी निराश नहीं करेंगे। इस समर्थन पर प्रतिक्रिया देते हुए, रामास्वामी ने ट्रम्प को धन्यवाद दिया और उनके अभियान के प्रति आशा व्यक्त की। रामास्वामी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि धन्यवाद, राष्ट्रपति ट्रम्प! आइए ओहायो को पहले से कहीं अधिक महान बनाएं।
द हिल के अनुसार, रामास्वामी ने 5 नवंबर को कहा था कि अगर रिपब्लिकन भविष्य में चुनाव जीतना चाहते हैं, तो उन्हें सामर्थ्य के संदेशों को प्राथमिकता देनी चाहिए और पहचान की राजनीति पर बात करने से बचना चाहिए।

आपके अगले गवर्नर के रूप में, विवेक अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, करों और नियमों में कटौती करने, मेड इन द यूएसए को बढ़ावा देने, अमेरिकी ऊर्जा प्रभुत्व को बढ़ावा देने, हमारी अब तक की सबसे सुरक्षित सीमा को सुरक्षित रखने, प्रवासी अपराध रोकने, हमारी सेना/पूर्व सैनिकों को मजबूत करने, कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने, चुनावी ईमानदारी को बढ़ावा देने और हमेशा घेरे में रहने वाले हमारे दूसरे संशोधन की रक्षा करने के लिए अथक संघर्ष करेंगे।

### हार के बाद दी चेतावनी

बायोटेक इंजीनियर और पूर्व राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रामास्वामी ने बताया कि चुनाव की रात देश भर में प्रमुख चुनावों में डेमोक्रेट्स की जीत के बाद रिपब्लिकन के लिए दो प्रमुख बातें क्या हैं। न्यू जर्सी, वर्जीनिया और न्यूयॉर्क शहर में हमें करारी हार का सामना करना पड़ा। डेमोक्रेट्स ने तीनों ही सीटों पर जीत हासिल की। रिपब्लिकन के लिए दो अहम सबक हैं। रामास्वामी ने बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रमुख चुनावों में डेमोक्रेट्स की भारी जीत के बाद रिपब्लिकन पार्टी को कड़ी चेतावनी दी।

# माली में अलकायदा और आईएसआईएस से जुड़े आतंकवादियों ने किया 5 भारतीयों का अपहरण, छुड़ाने का प्रयास जारी

**बामाको।** पश्चिम अफ्रीकी देश माली में 5 भारतीयों का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया है। माली में एक कंपनी के प्रतिनिधि ने भारतीयों के अपहरण की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि अलकायदा और क्रक्र से जुड़े आतंकवादियों ने इन भारतीयों को किडनैप किया है।

माली में बंदूकधारियों ने पांच भारतीय नागरिकों का अपहरण कर लिया है। यह जानकारी उनकी कंपनी और एक सुरक्षा स्त्रोत के अनुसार सामने आई है, जिसमें वह लोग काम कर रहे थे। बता दें कि यह पश्चिम अफ्रीकी देश उग्रवादियों की हिंसा और बढ़ती अशांति से जूझ रहा है। इन श्रमिकों का अपहरण गुरुवार को पश्चिमी माली के कोबरी के पास किया गया। बंदूकधारियों ने अपहरण करने के बाद उन्हें कहीं अज्ञात स्थान पर ले गए। एक सुरक्षा स्त्रोत ने एएफपी को गुमनामी की शर्त पर बताया कि वे एक कंपनी के कर्मचारी थे जो विद्युतीकरण परियोजनाओं पर काम कर रही है।

### अन्य भारतीयों को राजधानी में सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया

कंपनी के एक प्रतिनिधि ने कहा, हम पांच भारतीय नागरिकों के अपहरण की पुष्टि करते हैं। कंपनी के लिए काम करने वाले अन्य भारतीयों को राजधानी बामाको में सुरक्षित स्थानांतरित कर दिया गया है।अभी तक किसी समूह ने अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है। माली वर्तमान में सैन्य जंटा द्वारा शासित है। यह देश आपराधिक समूहों और अल-कायदा तथा इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े जिहादियों पर दोषारोपित उभरती अशांति को नियंत्रित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। सुरक्षा स्थिति ने इस गरीब देश में आर्थिक संकट को और गहरा कर दिया है, जहां अल-कायदा से जुड़े ग्रुप फॉर द सपोर्ट ऑफ इस्लाम एंड मुस्लिम्स (जेएनआईएम) ने ईंधन पर एक दम घुटन भरी नाकाबंदी लगा दी है।




### विदेशियों को निशाना बनाते हैं आतंकी

यहां आतंकी विदेशियों को निशाना बनाते हैं। इस तरह के अपहरण इस देश में आम हैं, जो 2012 से तख्तापलटों और संघर्षों से ग्रस्त रहा है। इससे पहले जेएनआईएम के जिहादियों ने सितंबर को बामाको के पास दो संयुक्त अरब अमीराती नागरिकों और एक ईरानी का अपहरण किया था। पीड़ितों को पिछले सप्ताह कम से कम 50 मिलियन डॉलर के फिरौती के बदले रिहा कर दिया गया था। इन भारतीयों के अपहृत होने की जानकारी भारतीय दूतावास को देने की बात कही जा रही है, इसके बाद उन्हें छुड़ाने का प्रयास जारी है।

# 'अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत...', गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने की पुष्टि

**इस्राइल।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष में अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। गाजा के स्वासथ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मौत का आंकड़ा बढ़कर 69,169 हो गया है और 1,70,685 लोग घायल हुए हैं। सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमलों को बाद युद्ध शुरू हुआ था। मरने वालों के आंकड़ों में हाल ही में इस वृद्धि हुई है, क्योंकि तबाही वाले इलाकों में राहत और बचाव कार्य के दौरान मलबे के नीचे से शव मिले और उनमें से कुछ शवों की पहचान की गई।

यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब इस्राइल ने शनिवार को गाजा को 15 फलस्तीनियों के शव लौटाए। इससे पहले हमास के लड़ाकों ने अस्थायी युद्ध विराम समझौते के तहत एक बंधक का शव इस्राइल को लौटाया था।



अमेरिका की मध्यस्थता में हुए इस अस्थिर संघर्ष विराम की दिशा में शवों की अदला-बदली को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस समझौते के मुताबिक, इस्राइल ने हर एक इस्राइली बंधक के बदले 15 फलस्तीनी शव लौटाए। खान यूनिस के नासेर अस्पताल ने बताया कि वहां 15 शवों को लाया गया है।

शव वापसी उस समय हुई, जब इस्राइल ने शुक्रवार रात लौटाए गए शव की पुष्टि की, जो हमास के सात अक्तूबर 2023 के हमले में लड़ते हुए मारे गए एक इस्राइली पुरुष का था। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, बंधक की पहचान लियोर रुडाफ के रूप में हुई।

# पाकिस्तान में अफगान नागरिकों की गिरफ्तारी बढ़ी, यूएन ने कहा : एक हफ्ते में 146% उछाल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अफगान नागरिकों की गिरफ्तारियों और हिरासतों में भारी उछाल देखा गया है। संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, 1 नवंबर को खत्म हुए हफ्ते में गिरफ्तारियों में 146 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) की संयुक्त रिपोर्ट में बताया गया कि इस अवधि में कुल 7,764 अफगान नागरिकों को पाकिस्तान के कई इलाकों में गिरफ्तार या हिरासत में लिया गया। यह आंकड़ा पिछले सप्ताह की तुलना में लगभग डेढ़ गुना ज्यादा है।



रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सबसे ज्यादा कार्रवाई हुई, जहां कुल गिरफ्तारियों का 86 प्रतिशत हिस्सादर्ज किया गया। बलूचिस्तान के अलावा चागी, अटक और क्वेटाजिलों में भी इस साल जनवरी से नवंबर के बीच बड़ी संख्या में अफगानों की गिरफ्तारी हुई है।

26 अक्तूबर से 1 नवंबर के बीच पकड़े गए लोगों में 77 प्रतिशत अफगान सिटीजन कार्ड (एसीसी) धारक और बिना दस्तावेज के अफगान नागरिक थे। वहीं प्रूफ ऑफ रजिस्ट्रेशन (पीओआर) कार्ड रखने वाले शरणार्थी कुल गिरफ्तार लोगों में 23 प्रतिशत थे।

अक्तूबर के आखिरी सप्ताह में अफगानों की वापसी और निर्वासन में भी तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। बता दें कि, वापसी में 101 प्रतिशत और निर्वासन में 131 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वहीं 19 से 25 अक्तूबर के बीच जहां 18,630 अफगान लौटे थे (जिनमें से 3,341 को जबरन निकाला गया), वहीं 26 अक्तूबर से 1 नवंबर के बीच यह संख्या 37,448 पहुंच गई, जिनमें 7,733 लोगों को निर्वासित किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से चमन सीमा के फिर से खुलने और तोरखम के 1 नवंबर को दोबारा खुलने के कारण हुई।

### 2023 से अब तक 16.6 लाख से ज्यादा लौटे अफगान

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक, 15 सितंबर 2023 से 1 नवंबर 2025 के बीच 16,67,713 अफगान नागरिक पाकिस्तान से अपने देश लौट चुके हैं। 26 अक्तूबर से 1 नवंबर के बीच हुई वापसी में, 47% पीओआर कार्ड धारक, 44% बिना दस्तावेज वाले और 8% एससीसी धारक थे। वहीं निर्वासित किए गए लोगों में 93 प्रतिशत पूरी तरह बिना दस्तावेज वाले थे।

पाकिस्तान सरकार ने इस साल अफगान शरणार्थियों के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए। जुलाई में सरकार ने आदेश दिया कि जिन पीओआर कार्ड धारकों के कार्ड 30 जून को समाप्त हो चुके हैं, उन्हें देश छोड़ना होगा। बाद में सरकार ने 1 सितंबर की समय सीमा तय की कि सभी PoR धारक स्वेच्छा से पाकिस्तान छोड़ दें।

# तुर्किये के परफ्यूम डिपो में भीषण आग से तबाही, 6 लोगों की मौत



**इस्तांबुल।** तुर्किए के उत्तर पश्चिमी हिस्से में आज सुबह भीषण आग लग गई। कई लोग इस आग की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गए हैं। वहीं, जिंदा जलने के कारण 6 लोगों की मौत हो गई और 1 की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा तुर्किए के कोकेली प्रांत में हुआ है। आग लगने की वजह अभी सामने नहीं आई है। स्थानीय समयानुसार सुबह तकरीबन 9 बजे कोकेली की पर्फ्यूम डिपो पर अचानक आग लग गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह आग इतनी भयानक थी कि एक के बाद एक कई धमाकों की आवाज से पूरा इलाका गूंज उठा। आसपास के लोग काफी दहशत में आ गए थे। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। घंटों की मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कोकेली के राज्यपाल इल्हामी अक्तास ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि इस हादसे में 6 लोगों की जान चली गई और 1 की हालत नाजुक है। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चल सका है। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# डीएनए के खोजकर्ता जेम्स वॉटसन का निधन, 1962 में मिला था नोबेल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** डीएनए खोजकर्ता नोबेल पुरस्कार विजेता जेम्स वॉटसन का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जेम्स वॉटसन ने 1953 में डीएनए की ट्विस्टेड-लैडर संरचना (डबल हेलिक्स) की खोज की थी। इसी खोज के बाद से चिकित्सा, अपराध जांच, जीनोलॉजी और नैतिकता के क्षेत्र में नई क्रांति आई।

दरअसल, जेम्स वॉटसन ने 1953 में ब्रिटिश वैज्ञानिक फ्रांसिस क्रिक के साथ मिलकर डीएनए की डबल हेलिक्स संरचना की पहचान की थी। जो 20वीं सदी की सबसे बड़ी वैज्ञानिक खोजों में से एक है। यह ऐतिहासिक खोज विज्ञान की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक थी। हालांकि, नस्ल और लिंग पर उनके विवादित बयानों ने उनको भारी नुकसान पहुंचाया। जिसके चलते वैज्ञानिक समुदाय ने उनसे दूरी बना ली।



जेम्स वाटसन को 1962 में फ्रांसिस क्रिक और मौरिस विल्किंस के साथ नोबेल पुरस्कार मिला था, क्योंकि उन्होंने यह खोज की थी कि डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड या डीएनए एक डबल हेलिक्स है, जिसमें दो स्ट्रैंड होते हैं जो एक दूसरे के चारों ओर कुंडलित होकर एक लंबी, धीरे-धीरे मुड़ने वाली सीढ़ी जैसा आकार बनाते हैं। यह खोज विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि थी। इससे तुरंत पता चल गया कि आनुवंशिक जानकारी कैसे संग्रहीत होती है और कोशिकाएँ विभाजित होने पर अपने डीएनए की प्रतिलिपि कैसे बनाती हैं।

शिकागो में जन्मे जेम्स वॉटसन की यह उपलब्धि, जो उस समय मिली जब वे मात्र 24 वर्ष के थे, उन्हें विज्ञान की दुनिया में दशकों तक एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बना दिया। लेकिन अपने जीवन अंतिम में विवादित टिप्पणियों के कारण उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। उनकी आपत्तिजनक टिप्पणियों में यह भी था कि अश्वेत लोग श्वेत लोगों से कम बुद्धिमान होते हैं।

वॉटसन ने एक बार कहा था, फ्रांसिस क्रिक और मैंने सदी की सबसे बड़ी खोज की, यह बात बिल्कुल स्पष्ट थी। बाद में उन्होंने लिखाः विज्ञान और समाज पर डबल हेलिक्स के विस्फोटक प्रभाव का हम पहले से अंदाजा नहीं लगा सकते थे।

# सरकारी शटडाउन से अमेरिका के बिगड़े हालात

**बोस्टनः** अमेरिका में चल रहा सरकारी शटडाउन का मामला बेहद गंभीर हो गया है। इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप की एक अपील को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की उस आपातकालीन अपील को मंजूरी दे दी, जिसमें सरकारी शटडाउन के बीच पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी) के तहत नवंबर के पूर्ण खाद्य सहायता भुगतानों को वित्तपोषित करने के एक अदालती आदेश को अस्थायी रूप से रोकने का अनुरोध किया गया था। कुछ राज्यों में निवासियों को पहले ही ये धनराशि प्राप्त हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप की याचिका को मंजूरी देते हुए एसएनएपी के संबंध में इमरजेंसी ऑर्डर जारी कर दिया है।




### ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि तेजी से कार्य करने वाले राज्य

एजेंसी के सीमित शेष धन का जो कुछ भी ले सकते थे, अपील दाखिल होने से पहले ही लेने की कोशिश कर रहे थे...और अन्य राज्यों के आवंटनों को नुकसान पहुंचा रहे थे। एक बार जब ये अरबों डॉलर बाहर चले जाते हैं, तो सरकार के पास इन धनराशियों को वसूलने का कोई तत्काल तंत्र नहीं है,₹ सॉलिसिटर जनरल डी. जॉन सावर ने अदालती दाखिले में लिखा। कैलिफोर्निया, कंसास, न्यू जर्सी, पेंसिल्वेनिया और वाशिंगटन राज्य के अधिकारियों ने भी कहा कि उन्होंने शुक्रवार को पूर्ण एसएनएपी लाभ जारी करने के लिए तेजी से कदम उठाए, जबकि अन्य राज्यों ने कहा कि पूर्ण लाभ सप्ताहांत या अगले सप्ताह की शुरूआत में पहुंचेंगे। कुछ अन्य राज्य आगे के संघीय मार्गदर्शन का इंतजार कर रहे हैं। कई एसएनएपी लाभार्थी अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं।

### इस ऑर्डर के क्या हैं मायने

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले रोड आइलैंड के एक संघीय जज ने रिपब्लिकन प्रशासन को शुक्रवार तक पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम के माध्यम से नवंबर के पूर्ण मासिक एसएनएपी खाद्य लाभ वितरित करने का आदेश दिया था, लेकिन प्रशासन ने अपील अदालत से अनुरोध किया कि वह किसी भी ऐसे अदालती आदेश को निलंबित कर दे, जिसमें आकस्मिक निधि में उपलब्ध धन से अधिक खर्च करने की आवश्यकता हो, और इसके बजाय महीने के लिए नियोजित आंशिक एसएनएपी भुगतान जारी रखने की अनुमति दी जाए। बोस्टन अपील अदालत द्वारा तत्काल हस्तक्षेप करने से इनकार करने के बाद, सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस केटनजी ब्राउन जैक्सन ने शुक्रवार देर रात एक आदेश जारी किया, जिसमें पूर्ण एसएनएपी भुगतान वितरित करने की आवश्यकता को अपील अदालत के फैसले तक स्थगित कर दिया गया।

अदालती आदेश के कुछ घंटों के भीतर ही एसएनएपी भुगतान प्रोसेस करने के लिए राज्य अपने इलेक्ट्रॉनिक लाभ कार्ड विक्रेता को अनुरोध भेजकर इतनी जल्दी संघीय धन तक पहुंच सका।

डेमोक्रेटिक ओरेगन गवर्नर टिना कोटेक ने कहा कि राज्य के कर्मचारियों ने ₹रात भर काम किया₹ ताकि शुक्रवार तक पूर्ण नवंबर लाभ जारी किए जा सकें और हर ओरेगन परिवार जो एसएनएपी पर निर्भर है, वह किराने का सामान खरीद सके।

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान शांति वार्ता फिर विफल, सीमा पार आतंक पर नहीं बनी बात

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी तीसरे दौर की शांति वार्ता बिना किसी ठोस समझौते के समाप्त हो गई। दोनों देशों के बीच सीमा पार आतंकवाद पर कार्रवाई को लेकर मतभेद कायम रहे। पाकिस्तान की ओर से रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बताया कि वार्ता में कोई लिखित समझौता नहीं हो सका और अब चौथे दौर की कोई योजना भी नहीं है।

दो दिन तक चली ये वार्ता बृहस्पतिवार को शुरू हुई थी। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान से यह मांग की थी कि वे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के उन आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करें जो अफगान धरती से पाकिस्तान पर हमले कर रहे हैं।

'पूरा गतिरोध, अफगान पक्ष नहीं देना चाहता लिखित आश्वासन'

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक निजी टीवी चैनल से बातचीत में कहा वार्ता पूरी तरह गतिरोध में है। अफगान पक्ष सिर्फ मौखिक भरोसा देना चाहता था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय वाताओं में मौखिक आश्वासन स्वीकार नहीं किए जा सकते। उन्होंने तुर्किये और कतर के ईमानदार प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया, जो दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता कर रहे थे। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान का रुख स्पष्ट है हमारी केवल एक मांग है कि अफगानिस्तान यह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में न हो। आसिफ ने यह भी कहा कि अगर अफगान धरती से कोई हमला होता है, तो पाकिस्तान जवाब देगा। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तारार ने शनिवार सुबह एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा अब जिम्मेदारी अफगान तालिबान की है कि वे आतंकवाद पर नियंत्रण को लेकर अपने अंतरराष्ट्रीय और द्विपक्षीय वादों को पूरा करें, जिनमें वे अब तक असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अफगान जनता से कोई वैर नहीं है, लेकिन वह किसी भी ऐसी नीति का समर्थन नहीं करेगा जो अफगान लोगों या पड़ोसी देशों के हितों के खिलाफ हो।



अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पहली वार्ता 29 अक्टूबर को दोहा (कतर) में हुई थी, जबकि दूसरी बैठक 25 अक्टूबर को इस्तांबुल (तुर्किये) में आयोजित हुई। दोनों ही वाताएं किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचीं। अब तीसरा दौर भी बेनतीजा रहा है। इससे पहले 11 से 15 अक्तूबर के बीच दोनों देशों की सीमा पर सशस्त्र झड़पें हुई थीं, जिनमें दोनों ओर जनहानि हुई थी।

दोनों देशों ने 19 अक्तूबर को कतर की राजधानी दोहा में सीजफायर पर सहमति जताई थी, लेकिन शर्तों को अंतिम रूप देने में मतभेद बने रहे। इसके बाद 25 अक्तूबर को इस्तांबुल में दूसरी वार्ता हुई और इसके बाद तीसरे दौर की बातचीत गुरुवार को शुरू हुई है। इस वार्ता में तुर्किये और कतर मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। पाकिस्तान की ओर से बातचीत का नेतृत्व आईएसआई के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मलिक कर रहे हैं, जबकि अफगान पक्ष से जनरल अब्दुल हक वासिक, उप गृहमंत्री रहमतुल्लाह नजीब और प्रवक्ता सुहैल शाहीन शामिल हैं।

पिछली बातचीत में स्थिति गंभीर होती दिख रही थी, लेकिन तुर्किये की पहल से तीसरे दौर की वार्ता तय हो सकी। तुर्की विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने सीजफायर जारी रखने और निगरानी तंत्र बनाने पर सहमति जताई है। वहीं पाकिस्तान का कहना है कि अफगान भूमि से उसके खिलाफ आतंकी हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। पाकिस्तानी सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि अफगानिस्तान में टीटीपी के लड़ाकों को पनाह दी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बात से समाधान नहीं निकला तो पाकिस्तान कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

# 'विकिपीडिया पक्षपता करता है', क्या एलन मस्क के इस दावे पर जिमी वेल्स ने हामी भर दी है?



**नई दिल्ली।** गाजा नरसंहार पर विकिपीडिया के लेख को लेकर हुए विवाद पर इसके सह-संथापक जिमी वेल्स ने सार्वजनिक रूप से हस्तक्षेप किया है। लेख को लेकर चिंता जताई गई कि यह पेज मुफ्त ऑनलाइन विश्वकोश के तटस्थता के मूल सिद्धांत का उल्लंघन करता है। वेल्स ने कहा कि लेख पर विवाद में पक्ष लेने का आरोप एलन मस्क लंबे समय से चली आ रही आलोचना के अनुरूप है। उन्होंने अक्सर दावा किया है कि इस प्लेटफॉर्म में राजनीतिक पूर्वाग्रह है।
वेल्स ने इस पेज को तटस्थता के मुद्दे का एक विशेष रूप से गंभीर उदाहरण बताया। उनकी चिंता लेख मुख्य पैराग्राफ पर क्रेंद्रित थी, जिसमें वर्तमान में कहा गया, गाजा नरसंहार, गाजा युद्ध के दौरान इजरायल द्वारा गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी लोगों का निरंतर, जानबूझकर और व्यवस्थित विनाश है। वेल्स ने तर्क दिया कि यह शब्दावली विकिपीडिया की उस मूल नीति का स्पष्ट उल्लंघन है जिसमें विवादित दावों के लिए तटस्थता और जिम्मेदारी की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा, फिलहाल, मुख्य लेख और समग्र प्रस्तुति विकिपीडिया की आवाज में यह बताती है कि इजरायल नरसंहार कर रहा है, हालांकि यह दावा बेहद विवादित है। उन्होंने आगे कहा, यह नीति पर बातचीत नहीं की जा सकती है और जिन सिद्धांतों पर आधारित है, उन्हें अन्य नीतियों या दिशानिदेर्शों या फिर संपादकों की सहमति से प्रस्तिस्थापित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने खुलासा किया कि एक हाई-प्रोफाइल मीडिया इंटरव्यू में उनसे इस लेख के बारे में पूछा गया था और उन्होंने जवाब दिया था कि यह ₹हमारे उच्च मानकों पर खरा नहीं उतरता और इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।




# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का 27वां परिचय सम्मेलन संपन्न

## 650 पंजीकरण, राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपाल दत्त शर्मा ने किया उद्घाटन













**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित दो दिवसीय 27वें ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ 8 नवंबर 2025 को लोहियानगर स्थित अग्रसेन भवन में हुआ। महानगर अध्यक्ष पं. सुभाष चन्द शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं० गोपाल दत्त शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का आरंभ पारंपरिक रूप से हवन के साथ किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपाल दत्त शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित वैवाहिक परिचय सम्मेलन आज समाज की जरूरत बन गया है। उन्होंने बताया कि इन सम्मेलनों के माध्यम से हजारों युवाओं को योग्य



जीवन साथी मिले हैं, और वे आज सफल दाम्पतय जीवन जी रहे हैं। मुख्य अतिथि पं. श्रीचन्द्र शर्मा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस परिचय सम्मेलन ने अभिभावकों की परेशानी को खत्म कर दिया है, क्योंकि अब उन्हें योग्य जीवन साथी की तलाश में भटकना नहीं पड़ता।

### गाजियाबाद शाखा कर रही है सर्वश्रेष्ठ कार्य : विधायक संजीव शर्मा

**करंट क्राइम।** अति विशिष्ट अतिथि शहर विधायक पं. संजीव शर्मा ने गाजियाबाद शाखा के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह शाखा पिछले 29 वर्षों से लगातार सम्मेलन आयोजित कर ब्राह्मण समाज के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उनके विचार से गाजियाबाद की यह शाखा पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। पूर्व मंत्री पं० सतीश शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि गाजियाबाद की ब्राह्मण सभा केवल परिचय सम्मेलन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हर समाज सेवा में एक मिसाल कायम कर रही है, जिसमें गरीब लड़कियों की शादी और गरीब बच्चों को शिक्षित करने का कार्य शामिल है। मुख्य सरंक्षक पं. जे. के. गौड़ ने बताया कि इस वर्ष कुल 650 पंजीकरण हुए हैं। 2 नवंबर तक हुए 610 पंजीकरण का पूरा विवरण ब्राह्मण गौरव पत्रिका में प्रकाशित होगा, जबकि शेष पंजीकरण का विवरण नवंबर के अंतिम सप्ताह में सभा की वेबसाइट पर डाला जाएगा। सम्मेलन के पहले दिन आज 300 युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया। शेष 300 युवक-युवतियां कल, रविवार को अपना परिचय देंगे। स्वागत अध्यक्ष



रमाकांत शर्मा एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष आदेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन मुख्य सरंक्षक पं. जे. के. गौड़ ने किया।

# ट्रांस हिंडन जोन डीसीपी निमिष पाटिल की सख्त कार्रवाई

## तीन पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने लापरवाही और अनुशासनहीनता के मामलों में बड़ी कार्रवाई की है। सिकंदरपुर चौकी प्रभारी, तुलसी निकेतन चौकी प्रभारी और एक बीट कांस्टेबल को निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई क्षेत्र में बढ़ती शिकायतों और लापरवाही की जांच के बाद की गई।



डीसीपी ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है और अन्य अधिकारियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## डीसीपी ग्रामीण का एक्शन, 5 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर



**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट के ग्रामीण जोन में डीसीपी ग्रामीण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया है।

**जारी आदेश के अनुसार**

उ0नि0 गुलशन कुमार (थाना ट्रोनिका सिटी), उ0नि0 असलम अहमद (थाना मसूरी), उ0नि0 समीत कुमार, उ0नि0 सौरभ प्रताप और उ0नि0 अंकित कटियार (थाना अंकुर विहार)— सभी को पुलिस लाइन में स्थानांतरित किया गया है। यह आदेश ग्रामीण जोन स्तर पर गठित पुलिस स्थानान्तरण बोर्ड के निर्णय के अनुसार जारी किया गया है। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जॉन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने आदेश में स्पष्ट किया है कि संबंधित कर्मियों को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण कर अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

# परिणय सूत्र में बंधे तुषार एवं भक्ति गुप्ता

## जयपुर के द लीला पैलेस में संपन्न हुआ संजीव कुमार गुप्ता के भतीजे तुषार गुप्ता का वैवाहिक कार्यक्रम











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार को समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता के भतीजे और डायरेक्टर राजीव कुमार गुप्ता के सुपुत्र तुषार गुप्ता का विवाह मथुरा के मुरारी लाल अग्रवाल की सुपुत्री भक्ति गुप्ता के साथ जयपुर के द लीला पैलेस में संपन्न हुआ।

जयपुर में यह वैवाहिक कार्यक्रम तीन दिनों तक लगातार चला, जिसमें पहले दिन हल्दी, मेंहदी, और दूसरे दिन भव्य सगाई समारोह तथा बृहस्पतिवार को भात आदि के कार्यक्रम के साथ विवाह की सभी रस्मों रिवाजों को पूरे परिवार कुटुबं सहित विधि विधान से पूरा किया गया।

इस अवसर पर गुप्ता परिवार के साथ समस्त सगे संबंधियों और मित्रगणों ने नव दंपति को शुभकामनाएं देते हुए आशिर्वाद दिया।



# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में संपन्न हुआ जर्मन नाटक - 'ब्रिज ऑफ लाइट'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद में जर्मन नाटक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसमें कक्षा आठ के लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया। इस समारोह का विशेष आकर्षण जर्मन भाषा में मंचित नाटक था।

समारोह की मुख्य अतिथि डिप्युटी हैड ऑफ एडमिनिस्टशन एन्या सीरिएक्स अपने पति के साथ साथ उपस्थित रही।

जर्मनी में पैदा हुई मिस सीरिएक्स को कई देशों की विदेश नीति में महारथ प्राप्त है। विद्यालय की एग्जीक्यूटिव हैड सुसन होम्स ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों की धैर्यशीलता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के समारोह छात्रों में विदेशी भाषा के प्रति उनका लगाव व आत्मविश्वास को दर्शाते हैं। ये समारोह छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

समारोह के प्रारंभ में छात्रों ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने सत्र 25-26 की उपलब्धियों का उल्लेख किया। इस






नाटक के माध्यम से छात्रों ने भारत व जर्मनी की दो संस्कृतियों के संगम को प्रस्तुत किया। यह नाटक दोनों देशों की संस्कृतियों का सशक्त उदाहरण था।

इसके माध्यम से छात्रों ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि पूरी दुनिया की संस्कृति ही मानवता को जोड़नेवाला पुल है जो एकता की सच्ची पहचान बन सकता है। छात्रों के नृत्य व संगीत ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर डा0 अरुणाभ सिंह ने छात्रों के अभिनय, नृत्य की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी तथा अतिथिगणों और अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि छात्रों के विकास में अभिभावकों भूमिका अत्यंत आवश्यक है क्योंकि आपका प्रत्येक कदम बच्चों को प्रगति की ओर बढ़ाता है।

समारोह के अंत में जूनियर स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम गैरोला ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में उपस्थित अभिभावकों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए छात्रों के टीमवर्क की सराहना की और कहा कि हर भाषा विद्याथियों में रचनात्मकता तथा वैश्विक दृष्टिकोण को विकसित करती है। हमें सदैव सकारात्मक सोच के साथ प्रयास करते रहना चाहिए।



# केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से उद्यमी डॉक्टर पी कुमार ने की मुलाकात

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर उद्यमी डॉक्टर पी कुमार ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। डॉक्टर पी कुमार ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के साथ मुलाकात के दौरान देश के वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस मुलाकात के दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अपने क्षेत्र के विकास के लिए कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने डॉक्टर पी कुमार के साथ मुलाकात के दौरान कहा कि वे देश के विकास के लिए हमेशा तत्पर हैं और उद्यमियों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वे डॉक्टर पी कुमार के साथ मिलकर अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे।

# ट्रैफिक एसीपी की जांच निकली हवा-हवाई, अब आरोप लगाने वालों की होगी पहचान

## एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने की जांच, एसीपी को दी गई क्लीन चिट



**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** गाजियाबाद ट्रैफिक एसीपी पर लगाए गए रिश्वतखोरी और मनमानी के आरोपों की जांच पूरी तरह निराधार पाई गई है। करीब एक सप्ताह चली इस विभागीय जांच में एडिशनल पुलिस आयुक्त (यातायात) आलोक प्रियदर्शी ने स्वयं सभी तथ्यों की पड़ताल की और रिपोर्ट में एसीपी को क्लीन चिट दे दी। पूरी रिपोर्ट अब पुलिस मुख्यालय को भेज दी गई है, जबकि कमिश्नरेट स्तर पर आरोप लगाने वालों की पहचान का काम शुरू कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विभाग यह जानने का प्रयास कर रहा है कि फर्जी शिकायत करने के पीछे कौन लोग थे और उनका मकसद क्या था।

### किसी भी बिंदु पर नहीं मिला भ्रष्टाचार का प्रमाण

करंट क्राइम। जांच के दौरान ट्रैफिक पुलिस के 24 पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए गए। इनमें सिपाही से लेकर निरीक्षक स्तर तक के कर्मचारियों ने अपने-अपने बयान दिए। किसी ने भी यह नहीं कहा कि एसीपी ने कभी किसी से पैसे की मांग की हो या किसी तरह का दबाव बनाया हो। एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा कि जांच के दौरान न तो किसी तरह की वसूली का सबूत मिला और न ही एसीपी की भूमिका पर कोई संदेह उत्पन्न हुआ।



### मुख्यालय को भेजी गई जांच रिपोर्ट

**करंट क्राइम।** एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी द्वारा तैयार रिपोर्ट अब उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय लखनऊ भेज दी गई है। रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि फर्जी शिकायत करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की छवि खराब करने की कोशिशों पर रोक लगाई जा सके। कमिश्नरेट पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ह्लफर्जी शिकायतें कर किसी अधिकारी की साख को नुकसान पहुंचाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोप लगाने वालों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### गाजियाबाद ट्रैफिक में तैनाती और कार्यप्रणाली

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद ट्रैफिक विभाग में इस समय बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं, जिनमें इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, करीब कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल शामिल हैं। सभी चौराहों पर ट्रैफिक मैनेजमेंट की जिम्मेदारी इन टीमों के बीच बांटी गई है। सूत्रों का कहना है कि जांच में जिन 24 कर्मियों के बयान लिए गए, उनमें से अधिकतर प्रमुख चौराहों — जैसे कौशांबी, हिंडन, मेरठ रोड, राजनगर एक्सटेंशन और लिंक रोड — पर तैनात थे। किसी ने भी किसी प्रकार की वसूली या दबाव की बात नहीं कही।

### अब आरोप लगाने वालों की होगी पहचान

**करंट क्राइम।** विभाग अब यह पता लगाने में जुटा है कि 'रामलाल' नाम से पत्र भेजने वाला व्यक्ति कौन था, क्या वह पुलिस से जुड़ा हुआ है या बाहरी। इसके लिए साइबर सेल और विजिलेंस टीम को जांच में शामिल किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि पुलिस की साख से जुड़ा यह मामला है, इसलिए दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### रामलाल नाम से भेजा गया था शिकायत पत्र

**करंट क्राइम।** पूरा मामला तब शुरू हुआ जब 'रामलाल' नाम से एक अज्ञात पत्र पुलिस कमिश्नर कार्यालय में भेजा गया। पत्र में आरोप लगाया गया था कि गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस में तैनात एसीपी काम की रिपोर्ट लिखने, हटाने या ड्यूटी बदलने के नाम पर पुलिसकर्मियों से 5,000 रुपए तक की वसूली करते हैं। पत्र में यह भी कहा गया कि जो ट्रैफिक पुलिसकर्मी ड्यूटी पॉइंट पर अनुपस्थित पाए जाते हैं, उन्हें सस्पेंड या लाइन हाजिर करने की धमकी दी जाती है और बाद में पैसे लेकर मामला रफा-दफा किया जाता है। लेकिन जांच में पाया गया कि 'रामलाल' नाम का कोई भी कर्मचारी ट्रैफिक विभाग में कार्यरत ही नहीं है, और पत्र में उल्लिखित घटनाओं का कोई साक्ष्य मौजूद नहीं है।

# मुरादनगर में भीषण सड़क हादसा, डंपर के नीचे आकर बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**मुरादनगर (गाजियाबाद)।** गाजियाबाद के मुरादनगर में रावली रोड पर शनिवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना मिलक गेट से करीब 100 मीटर आगे ढिंढार पुलिया की ओर हुई। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद उपनिरीक्षक मय फोर्स तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे।

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचने पर देखा कि मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर UP16----8) के चालक पर एक डंपर का टायर चढ़ गया था। इस भयावह हादसे में मोटरसाइकिल चालक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे से स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है।